हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 जून 2026
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



खबर संक्षेप



## रसोई गैस के बढ़ते दाम से बढ़ी महंगाई

**दुर्ग।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल के बढ़े दाम की वजह से महंगाई बढ़ते जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के महामंत्री राहुल शर्मा ने कहा कि जब से केंद्र में भाजपा की सरकार काबिज है, तब से देश की जनता के ऊपर कहर ढा रही है। ईंध के दाम बढ़ने की वजह से महंगाई चरम सीमा तक पहुंच गई है। युवकों को रोजगार नहीं मिल रहा है। किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। महिलाएं सुरक्षा मांग रही हैं। राहुल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार महंगाई से जनता त्रस्त है। पिछले 15 दिनों में कई बार पेट्रोल डीजल के रेट बढ़ाए गए हैं। महंगाई को कम करने की दिशा में तत्काल उपाय किए जाएं। अन्यथा कांग्रेस को पूरे देश में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# करोड़ों की सरकारी संपत्ति बनी चोरों का निशाना, 4 साल बाद भी निगम मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई-चरोदा नगर निगम के वार्ड-9 स्थित 2.20 करोड़ रुपए की लागत से बने अंबेडकर भवन में लाखों रुपए के सामान चोरी होने के मामले में अब तक एफआईआर दर्ज नहीं होने से निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। करीब चार वर्षों तक भवन से पंखे, बल्ब, ट्यूबलाइट, दरवाजे और खिड़कियों के कांच चोरी होते रहे, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने न तो समय पर सुरक्षा के इंतजाम किए और न ही पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

वर्ष 2022 में लगभग 15 हजार वर्गफीट क्षेत्र में निर्मित अंबेडकर भवन को क्षेत्र के प्रमुख सामुदायिक भवनों में शामिल किया गया था, लेकिन उद्घाटन के बाद इसकी देखरेख लगभग पूरी तरह उपेक्षित रही। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात लोगों ने भवन को धीरे-धीरे खाली करना शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार भवन से 64 पंखे, 172 ट्यूबलाइट, 224 बल्ब, खिड़कियों के कांच, दरवाजे और अन्य कई सामान चोरी हो चुके हैं। चोरी गए सामानों की कीमत करीब 20 लाख रुपए बताई जा रही है। इतना ही नहीं, पंखे और विद्युत उपकरण निकालने के दौरान भवन की फॉल्स सीलिंग और अन्य संरचनाओं को भी भारी नुकसान पहुंचाया गया, जिससे निगम को अतिरिक्त आर्थिक क्षति हुई। सबसे बड़ा सवाल यह है कि चोरी की घटनाएं एक-दो दिन में नहीं बल्कि कई वर्षों तक होती रहीं। स्थानीय स्तर पर इसकी जानकारी भी थी और अधिकारियों तक शिकायतें भी पहुंचती रहीं, फिर भी किसी ने जिम्मेदारी तय करने या पुलिस कार्रवाई की पहल नहीं की।



10 मार्च को प्रकाशित खबर

### चोरी पर पर्दा, जांच रिपोर्ट सौंपे महीनों बीते

10 मार्च को हरिभूमि में मामला प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद निगम आयुक्त डीएस राजपूत ने जांच के निर्देश दिए थे। इसके लिए कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, अर्जुन सिंह पवार, राजू वर्मा और उप अभियंता मुकेश रात्रे सहित अधिकारियों की टीम गठित की गई। टीम ने स्थल निरीक्षण कर अपनी जांच रिपोर्ट काफी पहले आयुक्त को सौंप दी है। इसके बावजूद अब तक संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदार अधिकारियों या कर्मचारियों की जवाबदेही भी तय नहीं की गई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर करोड़ों रुपए की सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों पर कार्रवाई कब होगी। सूत्रों के अनुसार निगम क्षेत्र के कुछ सामुदायिक भवनों के संचालन को निजी एजेंसियों को सौंपने के लिए निविदा प्रक्रिया भी शुरू की गई थी, जिसमें वार्ड-9 का अंबेडकर भवन भी शामिल है।

# लोगों की अपेक्षाओं को जानने सीए व्यापारियों से मिले शिक्षामंत्री गजेंद्र




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी के जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत सोमवार को मंत्री गजेन्द्र यादव ने शहर के व्यापारिक, चिकित्सकों, दवा विक्रेताओं, सीए और अन्य लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि व्यापारी, चिकित्सक, चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लोग समाज और अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव हैं। इनके अनुभवों से शासन को जनहितकारी योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलती है। उन्होंने उपस्थित जनों से क्षेत्र के विकास, रोजगार सृजन, व्यापारिक सुविधाओं के विस्तार तथा नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के संबंध में सुझाव भी लिए। गजेन्द्र यादव बस स्टैंड स्थित मेडिकल कॉम्प्लेक्स पहुंचे, जहां उन्होंने दवा व्यवसाय एवं चिकित्सा उपकरणों से जुड़े व्यापारियों से मुलाकात की।

■ भारतीय जनता पार्टी का जनसंपर्क अभियान

साथ ही कोठारी नर्सिंग होम के चिकित्सकों से भेंट कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यापारिक गतिविधियों से संबंधित विषयों पर चर्चा की। गजेन्द्र यादव गंजपारा स्थित जीवन प्लाजा पहुंचे, जहां उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स से संवाद किया। वहीं पुलगांव चौक क्षेत्र में कपड़ा व्यापारियों से मुलाकात कर वर्तमान व्यावसायिक परिस्थितियों, चुनौतियों एवं संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेन्द्र लोढ़ा, पार्षद कुलेश्वर साहू सहित अन्य मौजूद थे।
















हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार 9 जून 2026


तापमान

अधिकतम 40.8 डिग्री

न्यूनतम 29.2 डिग्री


12 ट्विनसिटी में निकला फिटनेस का कारवां...





13 64 खानों पर चली दिमाग की जंग, छह चक्रों में राज्य...






## खबर संक्षेप

### कार सवार से रकम की डिमांड, चार गिरफ्तार



**भिलाई।** कार सवार को जबरन रोक कर शराब पीने के लिए रकम का डिमांड करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पदमनाभपुर पुलिस ने प्रफुल्ल सक्सेना, आनंद सक्सेना के साथ कार सीजी 07 सीके 9472 से डी-मार्ट पोटिया रोड, दुर्ग की ओर जा रहा था। हटरी बाजार बोरसी स्थित शनि देव मंदिर के पास पहुंचते ही शिवपारा बोरसी निवासी गणेश्वर निषाद, महेश्वर निषाद,शिवपारा गुलशन सोनवानी,विवेक सोनवानी ने कार को रोक दिया। इस दौरान युवकों ने पीड़ित को शराब पीने के लिए रकम का डिमांड किया। रकम नहीं मिलने पर उनके साथ गाली गलौत कर मारपीट किया। पुलिस में शिकायत के बाद चारों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब के साथ दस गिरफ्तार, भेजा जेल



**भिलाई।** शराब का अवैध कारोबार करने वाले दस युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उतई, जामगांव आर, छावनी, नगपुरा, जेवरा सिरसा, सुपेला, धमधा, नेवई में अलग-अलग स्थानों में दबिश देकर शराब बेचने की शिकायत मिल रही थी। टीम ने दबिश देकर ग्राम गोल पेण्ड्री, उतई निवासी चेलाराम देशलहरे, ग्राम तिलोदा रनचिरई बिरजूराम ठाकुर,दुकालूराम बघेल,गुढ़ियारी, जामगांव आर . मुकेश कुमार साह उर्फ फुरूरी, कसाई मोहल्ला, छावनी शेख सत्तार, खुर्सीडीह, नगपुरा शिव पारधी, बोड़ेगांव, जेवरा सिरसा संतोष ठाकुर,फरीद नगर चन्द्रशेखर मरकाम, परकोल, धमधा यशवंती भारती, नेवई सोहन माण्डले को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पुलिस ने 310 पौवा से अधिक अवैध देशी शराब नगदी रकम, दो बाइक बरामद की गई है। जप्त शराब, नगदी, वाहनों की कीमत 70 हजार रुपए आंकी गई है।

# तेज हवा के बीच 15 मिनट की बूंदाबांदी के बाद घंटों बिजली रही गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले पांच दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बीच सोमवार की शाम करीब 4 बजे अचानक से मौसम बदला। तेज हवा चली और इसके बाद भिलाई-दुर्ग के अलग-अलग हिस्सों में बारिश हुई। इस दौरान अंधड़ और तेज हवाओं के कारण कुछ जगहों पर पेड़ गिरे। बिजली तारों को इसकी वजह से काफी नुकसान पहुंचा। सुपेला और इसके आसपास के क्षेत्रों में घंटों बिजली गुल रही। इधर बारिश थमने के बाद धूप फिर खिली। उमस और चिपचिपी गर्मी ने लोगों को बेचैन कर दिया। बिजल गुल होने से दुर्ग और भिलाई दोनों शहरों में लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। लोग बिजली कंपनी को जोन दफ्तरों में फोन गनगनाते रहे, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। यहां तक अधिकारियों ने भी फोन नहीं उठाया। गर्मी ने लोगों को हलाकान कर दिया। मौसम विभाग की मानें तो अगले दो से तीन दिन में मानसून की दस्तक दुर्ग सहित प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में होने जा रही है। इससे पहले प्री-मानसून के तहत अंधड़, तेज हवा और बारिश के आसार बन रहे हैं। अगले 48 घंटों में दुर्ग सहित आसपास के क्षेत्रों में बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग ने इसे लेकर अलर्ट भी जारी किया है। सोमवार को हुई बारिश के बाद कुरुद, हाउसिंग बोर्ड, जामुल, भिलाई-तीन, चरोदा, कुम्हारी, अहिवारा, कातुलबोड़, जवाहर नगर दुर्ग, सिंधिया नगर सहित अन्य जगहों पर तेज हवाओं के बीच बारिश की खबर है।

## मौसम विभाग का दावा : अगले दो से तीन दिनों में मानसून की दस्तक, इससे पहले अंधड़ की आशंका

### दक्षिण-पश्चिम मानसून हो रहा सक्रिय जल्द मिलेगी गर्मी से राहत

मौसम विभाग की मानें तो छत्तीसगढ़ में अगले 5 दिनों तक अलग-अलग इलाकों में गरज-चमक, तेज हवाओं और हल्की से मध्यम बारिश की आशंका जताई गई है। दक्षिण छत्तीसगढ़ में मौसम गतिविधियां ज्यादा रहने की संभावना है। वहीं अधिकतम तापमान में अगले 5 दिनों में कोई बड़े बदलाव नहीं होने का अनुमान है। दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले 4 से 5 दिनों में छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों तक पहुंच सकता है। मानसून महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के साथ-साथ मध्य भारत के अन्य हिस्सों में भी आगे बढ़ रहा है। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो समान्य के करीब रहा। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 29.2 डिग्री रहा, जो समान्य से एक डिग्री ज्यादा था।

### मौसम में हो रहे बदलाव की प्रमुख वजह भी जानिए



मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार झारखंड और आसपास के क्षेत्र में बना ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण (साइक्लोनिक सर्कुलेशन) अभी सक्रिय है। इसके साथ ही झारखंड से तेलंगाना तक एक ट्रफ लाइन छत्तीसगढ़ होकर गुजर रही है। यही सिस्टम प्रदेश में नमी खींच रहा है और गरज-चमक के साथ बारिश की स्थितियां बना रहा है। इसके अलावा उत्तर-पूर्व उत्तर प्रदेश के ऊपर भी एक ऊपरी हवा का चक्रवाती सिस्टम बना हुआ है, जिससे मौसम में बदलाव की संभावना है। आगामी दिनों में गरज-चमक के साथ 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की चेतावनी जारी की है। कुछ स्थानों पर बिजली गिरने और बारिश होने की भी संभावना है।

## सूखे नशे का फैलता जाल : चार माह में 42 मामलों के 88 आरोपी पकड़े जा चुके

# चिट्टा व नशीली दवाओं की हो रही ऑनलाइन बुकिंग

# चार माह में 56.97 लाख रुपए का मादक पदार्थ जब्त

जेएम तांडी ⏭ दुर्ग

जिले में सूखे नशे का जाल लगातार फैलते ज रहा है। चिट्टा और नशीली दवा ऑनलाइन पहुंच रही है। पुलिस ने चार माह में 56.97 लाख का मादक पदार्थ जब्त किया है। इसके बाद गांजा की सप्लाई अब काफी कम हो रही है। अब नशा करने वाले चिट्टा और नशी की दवाओं का उपयोग कर रहे हैं। इसकी सप्लाई जिले में ऑनलाइन शुरू हो गई है।

पुलिस ने गांजा तस्करी पर लगाम लगाने के लिए अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की है। पुलिस का दावा है कि ऑपरेशन विश्वास सफल रहा है, लेकिन ऑनलाइन के द्वारा जिले के नशेड़ी अब हेरोइन (चिट्टा), दवाई को मंगाने का ट्रेंड चल रहा है। गांजा को लेकर पुलिस जिस तरह से शिकंजा कस रही है उससे उड़िसा से जिले में पहुंचने वाला गांजा अब धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। वर्ष 2026 जनवरी से अप्रैल तक चार माह में गांजा के 42 प्रकरण में 88 तस्करों को पकड़ा और 56.97 लाख 670 रुपए का मादक पदार्थ जब्त किया है। नशे की दवा के 9 प्रकरण में 20 तस्करों से 23.84 लाख 747 की दवा बरामद हुई है। हेरोइन (चिट्टा) 9 प्रकरण में 41 आरोपियों से 39.63 लाख 400 रुपए चिट्टा बरामद हुआ है। इसके अलावा गांजा तस्करी करने वालो की संख्या अब धीरे-धीरे कम दिख रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण है पुलिस की टीम जिले की सीमा पर पुलिस जवान तैनात रहकर उड़िसा समेत दिगर राज्यों से पहुंचने वाले वाहनों की चेकिंग पहले से कड़ा कर दिया गया है। नशे को रोकने के लिए पुलिस की नारकोटिक्स टीम का इसमें अहम रोल रहता है।



लगातार जब्त की जा रही नशीली दवाएं

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

### चार माह में दर्ज हुए एनडीपीएस के मामले

| प्रकरण | आरोपी | वर्ष | हेरोइन | |
|---|---|---|---|---|
| 42 | 88 | 2026 | 9 | 41 |
| 94 | 164 | 2025 | 9 | 55 |
| 69 | 111 | 2024 | 8 | 21 |
| 35 | 41 | 2023 | 2 | 3 |

### दस लाख का हेरोइन के साथ महिला पकड़ में



जामुल पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया कि निर्माणाधीन बीएनएस स्कूल, हाउसिंग बोर्ड के पास अवैध रूप से हेरोइन रखकर उसे बेचने का प्रयास किया जा रहा था। इस दौरान पुलिस टीम पहुंची घेराबंदी कर महिला को पकड़ा गया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम एलआईजी/312, हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी राजवन्दिर कौर बताया है। उसके पास से पुलिस ने 49.8 ग्राम हेरोइन (चिट्टा), नगदी हजार रुपए, मोबाइल बरामद किया है। चिट्टा की कीमत 9.97 लाख 300 रुपये आंकी गई है। महिला के खिलाफ पुलिस ने धारा 21(बी), 27(ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### अब चिट्टा और नशे की दवा की तस्करी

जिले में हेरोइन (चिट्टा) और नशे की दवाओं का कारोबार बेखौफ तरीके से हो रहा है। इसे रोकने के लिए पुलिस काम कर रही है लेकिन जबसे ऑनलाइन को तस्करों ने थामा है। इसके बाद से नशे का अंधाधुंध कारोबार शहर में चल रहा है। किसी तरह गांजा तस्करी भिलाई-दुर्ग में कमी आई है। मगर नशे की गोलिया और हेरोइन का कारोबार बेखौफ चल रहा है। ऑपरेशन विश्वास को लेकर पुलिस हर थाना क्षेत्र में अपनी टीम बनाकर नशे के खिलाफ शिकंजा कसने का काम चल रहा है। हेरोइन की सप्लाई पंजाब से ट्रासपोर्टरों द्वारा जिले में सप्लाई की जा रही है। इन्हें पकड़ने के लिए पुलिस को दिगर राज्यों के वाहनों पर पैनी नजर रखनी होगी।

### अब तक पकड़े गए मामले

**केस 1**

दुर्ग पुलिस ने 8.65 लाख की हेरोइन के साथ 3 तस्कर को गिरफ्तार किया था। आरोपियों से 43 ग्राम से अधिक हेरोइन विजय सिंह, मीर नौशाद, सुरेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया गया था।

**केस 2**

जामुल पुलिस ने 91.9 ग्राम हेरोइन बरामद किया था। जिसमें रजविंदर कौर, राजवीर सिंह, लवप्रीत सिंह को पकड़ा था।चिट्टा की कीमत 18.69 लाख रुपए का था।

**केस 3**

छावनी पुलिस ने 65 ग्राम हेरोइन दबिश देकर बरामद किया था। मामले में वैभव सोनी शुभम सिंह पर कार्रवाई किया गया था। जिसकी कीमत 8 लाख रुपए आंकी गई है।

### गांजा की खपत हुई कम, हो रही कार्रवाई



गांजा की खपत जिले में कम हो गई है। अब हेरोइन, नशीली दवाओं की सप्लाई ऑनलाइन हो रहा है। ऑपरेशन विश्वास के तहत पुलिस लगातार कार्रवाई करती आ रही है। नशे के तस्करों को जड़ से खत्म करने का प्रयास जारी है। जिले की सीमाओं पर पुलिस बल तैनात होकर चेकिंग कर रही है।

**विजय अग्रवाल, एसएसपी दुर्ग**

## सर्वे को पहुंची हेल्थ विभाग की टीम

# सेक्टर-7 में फैला पीलिया, सर्वे के बाद मिले दो मरीज, पुराने तीन स्वस्थ



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेक्टर-7 स्थित स्ट्रीट नंबर 40, 41, 42 और 43 में संभावित पीलिया मरीजों की सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। घर-घर सर्वे के दौरान तीन पीलिया मरीज मिले, जो अब पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि फिलहाल क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में है।

- सेक्टर-7 के स्ट्रीट नंबर 40, 41, 43 में दिक्कत, पहले भी फैल चुका है पीलिया

जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल सुपेला की टीम, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और मितानिनों ने प्रभावित इलाके का दौरा किया। 8 जून को संयुक्त टीम द्वारा किए गए सर्वेक्षण में कोई नया सक्रिय मरीज नहीं मिला। डॉ. मनोज दानी ने बताया कि पीलिया दूषित पानी और भोजन के माध्यम से फैलने वाला संक्रामक रोग है, जो विषाणु संक्रमण के कारण होता है। संक्रमण के 15 से 50 दिनों के भीतर इसके लक्षण दिखाई दे सकते हैं।

### पीलिया के प्रमुख लक्षण

पीलिया के प्रमुख लक्षणों में भूख कम लगना, पेशाब का रंग पीला होना, भोजन का स्वाद न आना, उल्टी या मतली, सिरदर्द, कमजोरी और थकान, पेट के दाहिने ऊपरी हिस्से में दर्द, आंखों और त्वचा का पीला पड़ना शामिल हैं।

### स्वास्थ्य विभाग की सलाह

लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। पीने के पानी को कम से कम 20 मिनट उबालकर इस्तेमाल करें। 20 लीटर पानी में एक क्लोरीन टैबलेट मिलाकर 30 मिनट बाद उपयोग करें। शौच के बाद और भोजन से पहले साबुन से हाथ धोएं। खुले, बासी और दूषित खाद्य पदार्थों से परहेज करें।



# युगांडा से लौटे 3 यात्री आइसोलेट, अब तक 7 भेजे जा चुके

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सोमवार को युगांडा से आए 3 नए यात्रियों की ट्रेसिंग की गई। तीनों यात्री 7 जून को दुर्ग पहुंचे थे। वर्तमान में कुल 7 अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में रखा गया है। विभाग के अनुसार सभी यात्रियों में इबोला संक्रमण के कोई लक्षण नहीं हैं और न ही किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने का इतिहास मिला है। एहतियात के तौर पर सभी को 21 दिनों के लिए होम आइसोलेशन में रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रतिदिन सुबह और शाम फोन के माध्यम से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ले रही है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इबोला वायरस के प्रमुख लक्षणों में बुखार, उल्टी, पेट दर्द, जोड़ों में दर्द, अत्यधिक थकान, सिरदर्द और गंभीर दस्त शामिल हैं। यह वायरस संक्रमित व्यक्ति के सीधे संपर्क या उसके शारीरिक द्रवों के संपर्क से फैल सकता है। दुर्ग स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल जिले में इबोला का कोई संक्रमित मरीज नहीं मिला है। सभी यात्रियों की नियमित निगरानी की जा रही है और किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।



### 21 दिन की होम आइसोलेशन में रहेंगे यात्री






# जुआ के अड्डे पर दबिश, 15 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जुआ के अड्डे में पुलिस की दबिश देकर 15 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मंकी रिजॉर्ट गोकुलधाम के पीछे जुआ खेलने की सूचना मिली थी। पुलगांव पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दबिश देकर जुआरियों को गिरफ्तार किया। जिसमें डिपरापारा दुर्ग निवासी सोनू चौहान, कसारीडीह फिरोज खोखर, तकियापारा अजीम अहमद,शब्बीर खान,मोहम्मद जावेद,तमेरपारा मोहम्मद जुनैद,विवेकानंद नगर, बोरसी पारस चंद्राकर, गंजपारा मोहम्मद जमील, केलाबाड़ी एकांत साहू, जमील खान, कसारीडीह शिवा साहू, मृत्युंजय चंद्राकर, लुचकीपारा साहिद,चंद्रपाल यादव, केलाबाड़ी प्रकाश देवांगन जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। जुआरियों के पास से पुलिस ने नगद 1.82 लाख दो हजार रुपए, ताश पत्ती, 12 बाइक, 17 मोबाइल, की पेड फोन भी बरामद किया है। कुल सामानों की कीमत 4.34 लाख रुपए का है।

- पुलगांव पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल






हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129





भिलाई। सिविक सेंटर का पार्किंग एरिया गुलाबी रंग में रंगा नजर आया। मौका था टीम केसरिया भिलाई द्वारा आयोजित पिंक मैराथॉन 3.0 का। इस आयोजन में 1800 से अधिक महिलाओं और युवतियों ने कदम से कदम मिलाकर महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता और फिटनेस का संदेश दिया। इस दौरान स्कूली छात्राओं से लेकर 60 पार महिलाओं तक, हर आयु वर्ग की प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ दौड़ लगाई। कार्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वाली शुरुआत की 50 फीमेल को निशुल्क जूते और 200 एंट्रीज को पानी की बोतल वितरित की गई। कार्यक्रम में अतिथि विनीता पाण्डेय, चम्पा चंद्राकर, डॉ. मानसी गुलाटी, डॉ. सविता ललित मोहन, सुमन कन्नौजे, डॉ सोनाली चक्रवर्ती, दिव्या भसीन, स्मिता गोस्वामी, संध्या वर्मा मौजूद रहीं। डॉक्टर, समाजसेवी और गृहिणी सहित हर क्षेत्र की महिलाओं ने मंच साझा कर स्वस्थ नारी, सशक्त समाज का नारा बुलंद किया।

● टीम केसरिया का संदेश : स्वस्थ नारी, सशक्त समाज, डॉक्टर से लेकर गृहिणियों ने मंच किया साझा

# ट्विनसिटी में निकला फिटनेस का कारवां, जुम्बा-टीशर्ट के साथ मिला आत्मविश्वास का डोज, पिंक मैराथॉन में दौड़ीं 2 हजार महिलाएं

### हरी झंडी दिखाकर हुई शुरुआत

कार्यक्रम का शुरुआत मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन और हरी झंडी दिखाकर किया। इसके बाद सिविक सेंटर पार्किंग से मैराथॉन की शुरुआत हुई। स्कूली छात्राओं से लेकर 60 पार महिलाओं तक, हर आयु वर्ग की प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ दौड़ लगाई। सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों ने तालियों से प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।



### जुम्बा ने बांधा समां, टी-शर्ट-कैप ने बढ़ाया उत्साह

मैराथॉन से पहले जुम्बा सेशन और फिटनेस एक्टिविटी ने माहौल को और ऊर्जावान बना दिया। डीजे की धुन पर थिरकती महिलाओं ने साबित कर दिया कि फिटनेस बोरिंग नहीं, फन है। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों को निशुल्क पिंक टी-शर्ट और कैप दीं। गुलाबी टी-शर्ट में एक साथ दौड़ती महिलाओं का कारवां देखने ही बना। जिन-जिन स्थानों से यह रैली निकली सभी के लिए यह नजारा आकर्षण का केंद्र बना, राह चलते लोगो ने वीडियो, रील और फोटो लेते दिखाई दिये।

### युवाओं से लेकर बुजुर्गों में दिखा जोश

पिंक मैराथन के दौरान युवाओं के साथ बुजुर्गों ने भी उत्साह पूर्वक भाग लिया। उन्होंने न सिर्फ पूरे जोश के साथ मैराथन में भाग लिया, बल्कि युवाओं को यह संदेश देते कि स्वस्थ रहना है तो संयमित व्यायाम भी जरूरी है।

### सिर्फ दौड़ नहीं, लाइफस्टाइल बदलना है

आयोजकों ने बताया कि पिंक मैराथॉन का मकसद महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और सक्रिय जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। डॉ. मानसी गुलाटी ने कहा कि 30 की उम्र के बाद महिलाएं खुद को भूल जाती हैं। ये मैराथॉन उन्हें याद दिलाती है कि उनकी सेहत सबसे जरूरी है। इस आयोजन में पूरी टीम का साथ-साथ जिला प्रशासन, पुलिस सहित सहयोगी संस्थाओं और स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा। ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर मेडिकल टीम तक, हर मोर्चे पर पुख्ता इंतजाम थे। टीम केसरिया भिलाई ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार जताया।

**भिलाई की सड़कों पर गूंजा नारी शक्ति का जयघोष**

### दौड़ना सिर्फ इवेंट नहीं, एक मूवमेंट जैसा लगा

भाग लेने वाली गृहणी महिलाओं और उपस्थित डॉ सविता कबड़वाल ने कहा कि पिंक सिर्फ रंग नहीं, क्रांति है। पिंक मैराथॉन 3.0 ने साबित कर दिया कि भिलाई की महिलाएं अब चारदीवारी तक सीमित नहीं है। वे सड़क पर दौड़ सकती हैं, आवाज उठा सकती हैं और समाज बदल सकती हैं। इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं का एक साथ दौड़ना सिर्फ इवेंट नहीं, मूवमेंट जैसा लग रहा है।

**लाइव इवेंट**

## खेलो इंडिया अस्मिता साइक्लिंग लीग आज



भिलाई। भारतीय खेल प्राधिकरण भारत सरकार एवं साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में सम्पूर्ण भारतवर्ष में विश्व बाइसीकल दिवस एवं अस्मिता साइक्लिंग लीग का आयोजन 15 जून तक आयोजित है। इस आयोजन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में अस्मिता साइक्लिंग लीग दुर्ग जिले के रिसाली भिलाई में साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ एवं साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट के संयुक्त तत्वाधान में 9 जून को सुबह 6 बजे एस एस बी चौक मरोदा उतई रोड में आयोजित हो रही है। इस कार्यक्रम के आयोजक साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावार एवं संयोजक शशांक देशमुख ने संयुक्त बताया कि विश्व बाइसीकल दिवस आयोजन में रिसाली एवं भिलाई क्षेत्र के समस्त वर्ग के 200 नागरिक, खिलाड़ी भाग लेंगे। इस आयोजन में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, विशेष अतिथि बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविंदर सिंह ग्रेवाल होंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु ऑनलाइन या ऑफ़लाइन प्रतियोगिता स्थल में पंजीयन करना होगा। वहीं अस्मिता साइक्लिंग लीग में रिसाली एवं भिलाई क्षेत्र के समस्त बालिका व महिलाएं भाग ले सकती हैं। सब जूनियर 13 से 16 वर्ष उम्र, जूनियर 17 एवं 18 वर्ष तथा सीनियर महिला 19 वर्ष एवं उससे अधिक शामिल है।

# अर्जुन, पारिजात, आंवला के पौधे रोपकर परिसर को हरा-भरा रखने उठाया बीड़ा

भिलाई। छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनौरा दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत पर्यावरण दिवस एनएसएस के कृषि छात्रों ने कॉलेज परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। छात्र-छात्राओं ने अर्जुन, पारिजात, व्हाइट हिबिस्कस, पर्पल अलामांडा, येलो अलामांडा, येलो टीकोमा, एग्जोरा प्लांट, गंधराज, आंवला सहित कई प्रजातियों के पौधे रोपे। सभी ने रोपे गए वृक्षों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ एस रॉय ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की बात कही। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विवेक पांडे भी मौजूद रहे। छात्रों ने पर्यावरण बचाने का संदेश देते हुए परिसर को हरा-भरा बनाने का बीड़ा उठाया। छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनौरा भिलाई दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस कृषि छात्रों ने बहुत धूमधाम से मनाया l इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने कॉलेज परिसर में वृक्षा रोपण किया और लगाए गये वृक्षों का संरक्षण करने का संकल्प लिया l छात्रों द्वारा कॉलेज परिसर में अर्जुन के पेड़ के साथ पारिजात व्हाइट हिबिस्कस,पर्पल अलामांडा,येलो अलमांडा येलो टीकोमा, एग्ज़ोरा प्लांट,गंधराज, आंवला सहित कई पेड़ कॉलेज परिसर में लगाए l इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ एस रॉय ने छात्रों का उत्साह वर्धन किया उनके साथ में एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी विवेक पांडे भी मौजूद रहे।




# उत्तर भारत में प्राकृतिक अध्यन करने 5 सदस्यीय स्काउट-गाइड टीम रवाना



भिलाई। भारत स्काउट्स-गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंग खालसा और राज्य सचिव बृजेश बाजपेयी के निर्देश पर राज्य स्तरीय स्काउटर-गाइडर प्राकृतिक अध्ययन हाईक के लिए दुर्ग जिले से 5 सदस्यीय टीम उत्तर भारत के लिए रवाना हुई। राज्य उपाध्यक्ष सुनीता संजय बोहरा, राज्य आयुक्त रोवर एवं जिला अध्यक्ष अशोक देशमुख, जिला मुख्य आयुक्त जीत यादव, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त अरविंद मिश्रा, जिला आयुक्त गाइड वर्षा ठाकुर के मार्गदर्शन में टीम रवाना हुई। जिसमें शिविर संचालक अशोक देशमुख शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करंजा भिलाई के नेतृत्व में जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सरस्वती गिरियां शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुपेला, जिला संगठन आयुक्त गाइड अमिता हरमुख शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुथरेल, जिला संयुक्त सचिव हेमा चंद्रवंशी शहीद वीर नारायण शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला न्यू खुर्सीपार भिलाई, गाइडर तृप्ता कश्यप सेवानिवृत्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरई उत्तर भारत हाईक के लिए रवाना हुए। जिला संघ के समस्त पदाधिकारियों एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट बालक दास राऊत ने टीम को यात्रा की शुभकामनाएं दीं। यह टीम राज्य की ओर से उत्तर भारत में आयोजित प्राकृतिक अध्ययन हाईक में भाग लेकर दुर्ग जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

■ राज्य स्तरीय प्राकृतिक अध्ययन हाईक में करेंगे दुर्ग का प्रतिनिधित्व

**सिटी इवेंट**

## सुहाग के सिंदूर से हरा-भरा होगा बैकुंठधाम



भिलाई। कैम्प-2 छठ तालाब के पास भिलाई में महिलाओं द्वारा पर्यावरण को सहेजने अनूठी पहल करते हुए मितानिनों ने सिंदूर का पौधा रोपकर क्षेत्र को हरा भरा रखने का संकल्प लिया। पर्यावरण दिवस के अवसर पर कैम्प मंडल उपाध्यक्ष सोहन लाल देवांगन ने वार्ड 33 की मितानिन बहनों के साथ कैम्प-2 बैकुंठ धाम छठ तालाब के समीप सिंदूर का पौधा रोपा। इस पौधे के फल से सुहागिनों के लिए सिंदूर तैयार होता है। पौधरोपण में विष्णु राम चन्द्राकार, चंदन कुमार, ओम ठाकुर, अनिता प्रजापति, पूर्णिमा देवांगन, लक्ष्मी देशलहरे, झमिक निषाद, विशाखा जयसवाल, बबीता सिंह, वेदमती देवांगन सहित कई लोग मौजूद रहे। सोहन लाल देवांगन ने कहा कि यह पौधा पर्यावरण के साथ-साथ सांस्कृतिक परंपरा को भी समृद्ध करेगा। सभी ने पौधे के संरक्षण का संकल्प लिया।

कौशल्या धाम में स्थापित होगी मां शाकम्भरी की दो स्वरूपों में प्रतिमा

# धरती से सोना उपजाने की कला है अन्नपूर्णा पुत्रों के पास पाटेश्वर धाम में स्थापित होगी माता शाकम्भरी की प्रतिमा

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। पाटेश्वर धाम में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय मरार पटेल समाज का ऐतिहासि महासम्मेलन आयोजित किया गया था। प्रदेश मरार महासंघ और छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार पटेल समाज द्वारा महात्यागी संत राम बालक दास के सानिध्य में आयोजित इस सम्मेलन में माता शाकम्भरी की प्रतिमा कौशल्या धाम में स्थापित करने का संकल्प पारित किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ मरार समाज की ईष्ट देवी मां भगवती शाकम्भरी एवं माता कौशल्या के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर हुआ। भागवत पटेल ने मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा कराई। यजमान अश्वनी पटेल व संगीता पटेल ने पूजा-अर्चना व महाआरती की।मरार पटेल महासंघ अध्यक्ष बरत राम पटेल ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि समाज को कर्मचारी, राजनीतिक, चिकित्सा सहित 9 प्रकोष्ठों में बांटकर एक सूत्र में बांधने का काम हो रहा है। सभी प्रकोष्ठ नि:स्वार्थ समाज सेवा कर रहे हैं।




### 150 से अधिक का सम्मान

संत बालदास महात्यागी ने 150 से अधिक सामाजिक जनों को गमछा व माता कौशल्या का छायाचित्र देकर सम्मानित किया। आरी कोनारी से आए रामायण व्याख्याकार ने भजन प्रस्तुत किए। धनगांव से विजय पटेल की टीम ने स्वागत गान गाया। व्यवस्था संत राम बालक दास ने की, शाक-सब्जी समाज द्वारा की गई। सम्मेलन में लोचन पटेल, बेदलाल पटेल, सियाराम पटेल, कन्हैयालाल पटेल, द्वारिका पटेल, गोपाल पटेल, नरेश पटेल, अश्वनी पटेल, गौतम पटेल, बिसेलाल पटेल, तुकेश पटेल, लक्ष्मण पटेल, ढुःखु राम पटेल, सेवा राम पटेल, जीवन पटेल, भागचंद पटेल नागपुर, हनसराम पटेल, आशा राम पटेल, भागवत पटेल, गौरव पटेल, देवश्री पटेल सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारी मौजूद रहे। संचालन प्रदेश प्रवक्ता लोचन पटेल ने किया।

### मरार समाज मेहनती, जमीन से सोना उपजाता है- संत राम बालक दास

मुख्य वक्ता पाटेश्वर धाम संचालक बालयोगेश्वर महात्यागी संत राम बालक दास ने कहा कि मरार समाज मेहनती, भोले, कर्मठ व ईमानदार है। धरती से सोना उपजाने की कला अन्नपूर्णा पुत्रों के पास है। उन्होंने कहा कि संसार में दो ही समाज हैं शाकाहारी व मांसाहारी। शाकाहारी समाज की कुलदेवी मां शाकम्भरी अन्नपूर्णा हैं। कौशल्या धाम में माता शाकम्भरी की दो अलग-अलग स्वरूपों में प्रतिमाएं स्थापित होंगी। विभिन्न जातियों की कुलदेवियों की भी स्थापना होगी। गौ सेवा आयोग अध्यक्ष बिसेसर पटेल ने संत राम बालक दास के जीवन व कौशल्या धाम संकल्प यात्रा पर प्रकाश डाला। समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया।



### शादी-ब्याह में मरार पुरोहित से पूजा का आह्वान

प्रदेश संरक्षक लोचन पटेल ने समाज का नारा जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। शादी-ब्याह में कथा व पूजा मरार समाज के पुरोहित से ही कराने को कहा गया।

## सिटी इवेंट

# पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियां संचालित, पर्यावरण मित्रों का सम्मान



- साइंस कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस पर लायंस क्लब दुर्ग विजन के सहयोग से किया

**भिलाई।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में पौधा रोपण के साथ-साथ लायंस क्लब दुर्ग विजन के सहयोग से महाविद्यालय के 4 पर्यावरण मित्र कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इन कर्मचारियों में ओंकार साहू, नारायण यादव, दुष्यंत पटेल एवं लीलाधर साहू शामिल थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में लायंस क्लब के सहयोग से स्टूडेंट लायंस क्लब की स्थापना की गयी है। इसी क्लब के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थी वर्ष भर समाज सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियां संचालित करते रहते है।

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि पुरस्कृत होने वाले सभी कर्मचारी वर्षभर महाविद्यालय परिसर में प्रत्येक वृक्ष एवं पौधे की देखभाल करते है। उनके इसी कार्य की सराहना तथा अन्य कर्मचारियों को मोटिवेट करने के लिये यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। लायंस क्लब दुर्ग विजन के लायन पी.बी. सक्सेना ने बताया कि क्लब के सदस्यों ने साईंस कालेज, दुर्ग प्रांगण स्थित स्वामी विवेकानंद उद्यान में लगभग 10 पौधों का रोपण कर इसकी देखभाल की जिम्मेदारी का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह, शासकीय संगीत महाविद्यालय, दुर्ग की प्राचार्य डॉ. रिचा ठाकुर, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जगजीत कौर सलूजा, डॉ. एस.डी. देखमुख, डॉ. संजू सिन्हा, डॉ. सीतेश्वरी चन्द्राकर, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. प्रशांत दुबे, डॉ. मीना मान शामिल थी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेटस, लायंस स्टूडेंट क्लब के अध्यक्ष रूचि देशमुख तथा कोषाध्यक्ष अर्जुन सोनकर भी उपस्थित थे। लायंस क्लब दुर्ग विजन से डॉ. रूचि सक्सेना, विनती अग्रवाल, विभा गुप्ता और बी.आई.टी के इलेक्ट्रीकल विभाग के प्राध्यापक डॉ. श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक, डॉ. वी.के. गुप्ता ने पर्यावरण दिवस के महत्व का विस्तार से विश्लेषण किया तथा मध्य प्रदेश में बी.डी. कैफे की अवधारणा की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित प्राध्यापकों में डॉ. अभिनेष सुराना, डॉ. जी. एस. ठाकुर, डॉ. के. पद्मावती, डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. लाली शर्मा, डॉ. प्रशांत दुबे, डॉ. मोतीराम, डॉ. सीतेश्वरी चन्द्राकर, डॉ. एस.डी. देशमुख, डॉ. संजू सिन्हा सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं एन.सी.सी. कैडेटस उपस्थित थे।

## धर्म लाइव

# शिक्षा ही सर्वांगीण विकास का माध्यम मेधावी विद्यार्थी और खिलाड़ी सम्मानित



- गोंडवाना भवन में शिक्षा संवाद का आयोजन

**दुर्ग।** गोंडवाना भवन में गोंडवाना समाज द्वारा शिक्षा समाज की प्रथम प्राथमिकता के उद्देश्य से विद्यार्थियों के बीच संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि बिजली विभाग की अभियंता अनुसुईया ठाकुर उपस्थित थीं। इस अवसर पर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी राकेश ठाकुर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत आदिशक्ति बूढ़ादेव की पूजा-अर्चना कर किया गया। मुख्य अतिथि अनुसुईया ठाकुर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कोई समस्या आने पर वह बच्चों का सदैव सहयोग करती रहेंगी। इस अवसर पर समाजसेवी राकेश ठाकुर ने कहा कि गोंडवाना समाज के सर्वांगीण विकास में शिक्षा ही एक सशक्त माध्यम है। समाज में शिक्षा को प्राथमिकता के साथ लेते हुए हमें इस दिशा में धरातल पर कार्य करने की जरूरत है। इस अवसर पर खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित कर खेल सामग्री एवं उपहार भेंट किए गए। अंत में विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री का वितरण कर उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया गया। सम्मानित हुए छात्रों में मानवी मंडावी ने गणित समूह में 91 प्रतिशत, प्रियांशु ठाकुर ने 92 प्रतिशत एवं हिना राजपरनिया ने कृषि संकाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर भीमसी श्याम ठाकुर, सुशीला ठाकुर, भावना पुरन उइके लखन नेताम, छायाशुं नेताम, दिनेश ठाकुर, राजेश्वरी , हिमांशी, प्रेरणा, आकाश, अदिती, बैष्णवी, प्रियांशु, अंकिता ठाकुर सहित बड़ी संख्या में समाजिकजन और अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना का सदस्यता अभियान तेज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना अउ जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी अहिवारा के ग्राम अछोटी में जबर सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें 200 से अधिक महिला, सियान, युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर महेश साहू, रूपनारायण वर्मा, हेमलाल साहू, सूरज साहू, सोनल साहू, चित्र कुमार, दुखित साहू, हरिनारायण साहू उपस्थित थे।




अंडर-9 व 17 में 88 खिलाड़ियों ने आजमाया दिमाग, शतरंज में तुषार, मान्या, शिल्प एवं इशिका चैम्पियन

# 64 खानों पर चली दिमाग की जंग, छह चक्रों में राज्य के लिए चुने गए 8 होनहार

**दुर्ग।** खालसा कॉलेज में दो दिन तक 64 खानों पर रणनीति की जंग चली। जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा आयोजित अंडर-9 एवं अंडर-17 जिला शतरंज चैंपियनशिप का समापन हुआ। इस स्पर्धा में दुर्ग जिले के 88 खिलाड़ियों ने 6 चक्रो में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 होनहारों ने जिला चैंपियनशिप का खिताब हासिल किया और अब वे राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में हिस्सा लेगं। जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं सचिव तुलसी सोनी ने प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में दुर्ग जिले के कुल 88 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता छह चक्रों में संपन्न हुई, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, एकाग्रता एवं रणनीतिक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।









### खिलाड़ियों को मिले मेडल और ई-सर्टिफिकेट

छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन और महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में हुई प्रतियोगिता के अंडर-9 ओपन में तुषार यादव चैंपियन बने, मेधांश सोरी उपविजेता और रेयांश गुप्ता तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-9 बालिका वर्ग में मान्या मौर्यिका ने बाजी मारी, शांभवी शर्मा दूसरे और आन्या सिंह तीसरे स्थान पर रहीं। अंडर-17 ओपन में शिल्प कुमार घोड़ेसवार ने दो हजार रु नगद व ट्रॉफी जीतकर खिताब अपने नाम किया। शुभम सिंह को 15 सौ रुपये और चेतस माण्डले को एक हजार रु नगद मिला। अंडर-17 बालिका में इशिका चैंपियन बनीं, परिधि लिलहारे उपविजेता और काशवी जैन तीसरे स्थान पर रहीं। इशिका को दो हजार रु, परिधि को पंद्रह हजार रुपये, काशवी को एक हजार रुपये नगद और ट्रॉफी दी गई। सभी खिलाड़ियों को मेडल और ई-सर्टिफिकेट भी मिले।





### साझा किया अनुभव

समापन में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त रजिस्ट्रार जनरल नीलम चंद सांखला मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि शतरंज दिमाग को सजग, सक्रिय एवं सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। मैं खुद बचपन में सब-जूनियर खेल चुका हूं। ये खेल एकाग्रता, धैर्य और निर्णय क्षमता बढ़ाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा ने की। उन्होंने कहा कि संघ के प्रयासों से बच्चों को स्थानीय स्तर पर ही उत्कृष्ट मंच मिल रहा है। विशिष्ट अतिथि मंजू जैन ने शतरंज को अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला खेल बताया।

### राज्य के लिए चुने गए 8 खिलाड़ी

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत और सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि 6 चक्रों में स्पर्धा हुई। दोनों वर्गों में प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाले ओपन व बालिका वर्ग के खिलाड़ी राज्य शतरंज चैंपियनशिप में दुर्ग जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक फीडे आर्बिटर अनिल शर्मा रहे। दिव्यांशु उपाध्याय, मुदिता पांडे, विक्रम सिंह राजपूत ने सह निर्णायक की भूमिका निभाई। दिनेश जैन, गुलाब चौहान का विशेष योगदान रहा।

## संदल चादर झांकियां पुरस्कृत

# उर्स में संदल, चादर झांकी निकालने वालों को दरगाह कमेटी ने किया सम्मानित



**दुर्ग।** हजरत बाबा सैयद अब्दुल रहमान शाह काबुली रहमतुल्ला अलेह पुराना बस स्टैंड के 2026 के उर्स मुबारक पर निर्णायक मंडल सालाना उर्स पाक कमेटी ने जिन संदल चादर झांकियां को प्रविष्टि दी थी, उन्हें स्मृति स्वरूप पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। उन्होंने उर्स पाक कार्यक्रम को एकता उत्सव के रूप में मनाने पर कमेटी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह हमारे आपसी भाई चारे संबंध को मजबूत करता है, उन्होंने युवा वर्ग को अहवान करते हुए कहा कि जिस प्रकार से आप कार्यक्रम में स्वः स्फूर्त रूप से भाग लेते हैं, उसी प्रकार से अपने कर्म व कर्तव्य में भी आगे बढ़ें। संदल चादर में कबीला कमेटी केलाबाड़ी को प्रथम पुरस्कार फूलचंद देशलहरा की स्मृति में, द्वितीय पुरस्कार ख्वाजा के दीवाने गंजपारा को शब्बीर अली की स्मृति में, तृतीय पुरस्कार केजीएन ब्रदर्स संदल कमेटी गांधीनगर को प्रताप गोकलानी की स्मृति में, चतुर्थ पुरस्कार आजाद एकता ग्रुप कुआं चौक पचरीपारा को जोगिंदर सिंह चावला की स्मृति में, विशेष पुरस्कार युवा संदल समिति बेर पारा को स्वर्गीय रोहिणी गुप्ता की स्मृति में, विशेष पुरस्कार पायल ट्रांसपोर्ट दुर्ग को सालाना उर्स पाक कमेटी बस स्टैंड, यंग स्टार कमेटी गंजपारा दुर्ग को बाबा शेख निजाम कि स्मृति में, सालाना उर्स पाक कमेटी स्टेशन मरोदा भिलाई को स्व. बांकेलाल नारायणी की स्मृति में, पठान ब्रदर्स ग्रुप संदल कमेटी वैकुंठ नगर कैंप नंबर 2 पावर हाउस भिलाई को निर्मल सिंह जी बल की स्मृति में, या ख्वाजा गरीब नवाज कमेटी बजरंग नगर कंडरापारा को मूलचंद नेमा की स्मृति में, प्रथम पुरस्कार झांकी में यंग बॉयज एकता कमेटी इंदिरा कॉलोनी पोटिया रोड को सरे कुंवर की स्मृति में, द्वितीय पुरस्कार लश्करे मोहम्मदी यंग संदल समिति रावण भाटा सुपेला को गंभीर सिंह चौधरी विधायक चौरई छिंदवाड़ा की स्मृति में, तृतीय पुरस्कार एकता परिवार कमेटी केलाबाड़ी को विश्वनाथ शर्मा की स्मृति में, शाहबाज घोड़ी साज ग्रीन चौक दुर्ग को मरहूम लाल खान लिटिया वाले की स्मृति में वह अन्य समाज सेवियों, कमेटी के पदाधिकारी व अन्य संस्थाओं को सम्मान पूर्वक काबुली अवार्ड देकर नवाज़ा गया।

## समापन कार्यक्रम

# समर कैंप में बच्चों ने दिखाया टैलेंट क्रिकेट, योगा व फुटबॉल में मारी बाजी



**भिलाई।** खुर्सीपार में 9 मई से चल रहे समर कैंप का समापन श्रीराम चौक दशहरा मैदान में हुआ। इस अवसर पर आयोजित समारोह में 700 बच्चों ने क्रिकेट, योगा, कराते, फिजीकल ट्रेनिंग, एथलेटिक्स, फुटबॉल जैसे खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाई। समापन समारोह में उपस्थित विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खुर्सीपार में प्रतिभा की कमी नहीं, बस उसे निखारने का दायित्व हम सबका है। जिसके लिए हम सब प्रतिबद्ध है। योगा और कराते के बच्चों ने अपने खेल का बहुत शानदार डेमोंस्ट्रेशन देते हुए अन्य खेलों का भी प्रदर्शन किया। कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुमित सिंह ने स्वागत भाषण में कहा यह आयोजन सबकी भागीदारी का प्रतीक है। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, खेल प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण जैन, पूर्व महापौर नीता लोधी, एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, गुड्डु खान, इंद्रजीत सिंह सैनी, बार कौंसिल सचिव रवि शंकर सिंह, डी कामराजू, भूपेंद्र यादव, लाला चांद वर्मा, गौरव श्रीवास्तव, आलोक कुमार, महेश बिसाई सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। चंदन शर्मा, अश्विनी चौधरी, जावेद मंसूरी समेत कई प्रशिक्षक व पालक उपस्थित थे।

## आईसीएआई भिलाई शाखा द्वारा लेबर कोड्स और रेरा पर कार्यशाला का आयोजन

# श्रम कानूनों और रेरा प्रावधानों की दी जानकारी, रियल एस्टेट क्षेत्र में उभरते अवसरों और चुनौतियों पर डाला प्रकाश

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** आईसीएआई भिलाई शाखा सीआईआरसी द्वारा कमर्शियल लॉज एवं इकोनॉमिक एडवाइजरी कमेटी, आईसीएआई के सहयोग से लेबर कोड्स एवं रेरा विषय पर एक पूर्ण दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आईसीएआई भवन, न्यू सिविक सेंटर, भिलाई में किया गया। इस दौरान वर्तमान व्यावसायिक परिवेश में श्रम कानूनों और रेरा संबंधी प्रावधानों की जानकारी और रियल एस्टेट क्षेत्र में उभरते अवसरों एवं चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश के डाला गया। कार्यक्रम में लगभग 60 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने व्यावसायिक ज्ञान का संवर्धन किया। कार्यक्रम की शुरुआत शाखा अध्यक्ष सीए सुखदेव राठी के स्वागत उद्बोधन एवं उद्घाटन संबोधन से हुआ। उन्होंने वर्तमान व्यावसायिक परिवेश में श्रम कानूनों एवं रेरा संबंधी प्रावधानों की जानकारी के महत्व पर प्रकाश डाला।



### नई श्रम संहिताओं पर की गई चर्चा

कार्यशाला के प्रथम तकनीकी सत्र में सीए रुचि गुप्ता जयपुर क्षेत्रीय परिषद सदस्य सीआईआरसी ने न्यू लेबर कोड्स विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने नई श्रम संहिताओं के प्रमुख प्रावधानों, अनुपालन आवश्यकताओं एवं उनके व्यावहारिक प्रभावों पर चर्चा की।

### उपयोगी साबित हुई कार्यशाला

कार्यक्रम का संचालन सीए प्रियेश लेखवानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर शाखा सचिव सीए प्रतीक अग्रवाल ने सभी वक्ताओं, विशेष अतिथि, वरिष्ठ सदस्यों, प्रतिभागियों एवं आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने दोनों विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत व्यावहारिक एवं अद्यतन जानकारी की सराहना करते हुए कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया।

### स्टाम्प ड्यूटी पर दी महत्वपूर्ण जानकारी

द्वितीय तकनीकी सत्र में सीए आनंद जैन, इंदौर, क्षेत्रीय परिषद सदस्य सीआईआरसी एवं एक्स-ऑफिशियो सदस्य, भिलाई शाखा ने रियल एस्टेट डायनेमिक्स, रेरा अनुपालन एवं स्टाम्प ड्यूटी के प्रभाव विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने रेरा के अंतर्गत विभिन्न अनुपालनों तथा रियल एस्टेट क्षेत्र में उभरते अवसरों एवं चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सीए नितिन गुप्ता, चेयरमैन, सीआईसीएएसए सीआईआरसी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों एवं सदस्यों को सतत अध्ययन एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शाखा के पूर्व अध्यक्ष सीए हर्ष जैन, सीए मनीष जैन, सीए राकेश धोड़ी, सीए प्रफुल कोठारी एवं सीए राजेश बाफना की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में शाखा के उपाध्यक्ष सीए दिलीप कुमार जैन, सचिव सीए प्रतीक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए प्रभजीत सिंह जग्गी, सीआईसीएएसए चेयरमैन सीए तलबिंदर सिंह सैनी एवं एक्स-ऑफिशियो सदस्य सीए आनंद जैन ने सक्रिय सहभागिता देते हुए कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की।

## खबर संक्षेप



### भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रमुख केंद्र बनेगा मंडल कार्यालय

**आहिवारा।** भाजपा मंडल कार्यालय निर्माण के लिए सोमवार को भूमिपूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने की। भूमि पूजन और वैदिक अनुष्ठान सिद्धार्थ गौरस्वामी महाराज द्वारा विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि यह उनके जीवन का पहला अवसर है जब वे किसी भाजपा मंडल कार्यालय के निर्माण का शुभारंभ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ समय पूर्व असम प्रवास के दौरान उन्होंने वहां मंडल कार्यालय देखा था, तभी उनके मन में भी ऐसी परिकल्पना आई थी। आज आहिवारा में यह सपना साकार होते देखकर प्रसन्नता हो रही है। इस अवसर पर भाजपा नेता रामजी निर्मलकर का जन्मदिन भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर लाभचंद बाफना पूर्व संसदीय सचिव, सांवला राम डाहरे पूर्व विधायक, सरस्वती बंजारे, रविशंकर सिंह, मनीष अग्रवाल, सुषमा जेठानी, नटवर लाल ताम्रकार, स्वीटी कौशिक, उषा बारले, राम खिलावन वर्मा आदि मौजूद थे।

### शासकीय अस्पताल में किया फल वितरण



**धमधा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा दुर्ग के जिला महामंत्री एवं नगर पंचायत धमधा के विधायक प्रतिनिधि आरुणि दानी के जन्मदिवस पर 6 जून को भारतीय जनता युवा मोर्चा धमधा मंडल के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू के नेतृत्व में विभिन्न सेवा एवं जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शनि मंदिर में पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात मंदिर परिसर के बाहर उपस्थित लोगों को मिठाई वितरण किया गया। साथ ही धमधा के शासकीय अस्पताल में मरीजों एवं परिजनों के बीच फल वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजयुमो धमधा मंडल के महामंत्री योगेश बंजारे जी, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश चन्द्र साहू, शुभांक शर्मा, साबिर कुरैशी, प्रमोद साहू, डिशन सिन्हा, गिरधारी साहू, रामसिंग साहू, पूर्णेन्द्र सोनकर, जसवंत साहू, ताम्रध्वज साहू, लवलेश कुमार सेन, तेजराज सिन्हा, हासन सिन्हा, लोकेश साहू आदि उपस्थित थे।

### सेजस विद्यालय चंदखुरी के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस



**अंडा।** सेजस विद्यालय चंदखुरी के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शिखा मिश्रा प्राचार्य, बी आर जोशी प्रभारी प्राचार्य, राजेन्द्र प्रसाद चंद्राकर अध्यक्ष, विक्की मिश्रा प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य, भूपेन्द्र साहू पूर्व पंच व सदस्य, पोषण देवांगन विधायक प्रतिनिधि, दुर्गेश साहू पूर्व पंच, दुष्यंत चंद्राकर शिक्षाविद, राधेलाल सोनी, उमेश्वर क्लर्क एवं अन्य शिक्षक सदस्यों ने एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया।

### निधन

### पंकज (लक्की) यादव



**पाटन।** नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 10 निवासी 22 वर्षीय पंकज (लक्की) यादव का आकस्मिक निधन 8 जून को हो गया। उनका अंतिम संस्कार पाटन के मुक्तिधाम में किया गया। वे अशोक (पाकलु) यादव के पुत्र थे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान में मंत्री ने किया पौधारोपण

# छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को कृषि में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध : कृषि मंत्री नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा 'खेत बचाओ अभियान-स्वस्थ मिट्टी, सशक्त किसान, समृद्ध भारत' विषय पर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, सांकरा (पाटन) में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम उपस्थित रहे। कृषि मंत्री नेताम ने इस अभियान का विधिवत शुभारंभ करते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया।

विशिष्ट अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवि आर. सक्सेना, जितेन्द्र वर्मा, सभापति नीलम राजेश चंद्राकर, हर्षा लोकमणी चंद्राकर, दिलीप साहू, कमलेश चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान' के उद्घोष के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित 'खेत बचाओ, पर्यावरण बचाओ' अभियान वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से भूमि की उर्वरता प्रभावित हो रही है तथा इसका प्रतिकूल प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। आज अनेक बीमारियां बढ़ रही हैं, जिसका एक प्रमुख कारण दूषित पर्यावरण एवं असंतुलित कृषि पद्धति है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती की ओर अग्रसर होने का आह्वान करते हुए कहा कि मिट्टी परीक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा जल संरक्षण के माध्यम से कृषि को अधिक टिकाऊ बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को आवश्यकतानुसार संसाधन उपलब्ध कराने तथा कृषि में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यदि हम अधिक से अधिक पौधे लगाते हैं तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण और पर्याप्त ऑक्सीजन उपलब्ध होगी। उन्होंने वर्ष 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए भूमि एवं पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।

### कृषि एवं उद्यानिकी से संबंधित विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए



### जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता

सांसद विजय बघेल ने कहा कि किसानों के हित में रासायनिक खेती के साथ-साथ जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का संस्कार हमें बचपन से परिवार और समाज से मिलता है। जल, जंगल, जमीन और जीव-जंतु एक-दूसरे पर आश्रित हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उल्लेख करते हुए उन्होंने सभी नागरिकों से अधिकाधिक पौधे लगाने एवं जल संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर में वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखा जा सके।

### किसानों को किया कृषि किट का वितरण

कार्यक्रम के दौरान कृषि एवं उद्यानिकी से संबंधित विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए, जिनका कृषि मंत्री रामविचार नेताम एवं सांसद विजय बघेल ने अवलोकन किया। इस अवसर पर किसानों को कृषि किट का वितरण भी किया गया। तत्पश्चात 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, कृषि वैज्ञानिक, विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण, भूमि संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।
कुलपति प्रो. रवि आर. सक्सेना ने कहा कि विश्वविद्यालय पर्यावरण संरक्षण एवं भूमि संरक्षण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 600 पौधों का रोपण किया गया था, जबकि इस वर्ष 800 पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम का स्वागत भाषण महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अमित दीक्षित ने दिया।

## बिजनेस साइट

### रुंगटा डेंटल कॉलेज के छात्रों ने जीते गोल्ड मेडल



**भिलाई।** रायपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल हेल्थ साइंस एंड आयुष यूनिवर्सिटी के हाल ही में हुए चौथे सालाना दीक्षांत समारोह में रुंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च, भिलाई के पोस्ट-ग्रेजुएट छात्रों ने कई विषयों में प्रतिष्ठित गोल्ड मेडल जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया। समारोह में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और वाइस-चांसलर डॉ. प्रदीप कुमार पात्रा आदि मौजूद थे। डॉ. देबलीना बैद्य ने ओवरऑल एमडीएस टॉपर और पीडियाट्रिक एंड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री में सब्जेक्ट टॉपर के तौर पर दो गोल्ड मेडल हासिल किया, जबकि डॉ. शिवानी और डॉ. संजना अग्रवाल ने क्रमशः पेरियोडोंटोलॉजी और प्रोस्थोडोंटिक्स में सब्जेक्ट टॉपर के तौर पर गोल्ड मेडल प्राप्त किए। दीक्षांत समारोह में जाने-माने शिक्षाविद, यूनिवर्सिटी के अधिकारी, फैकल्टी सदस्य, अभिभावक और डिग्री पाने वाले छात्र मौजूद थे। संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन संजय रुंगटा ने विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है। डीन डॉ. कार्तिक कृष्णा एम ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, लगन और एकेडमिक अनुशासन के साथ-साथ फैकल्टी सदस्यों द्वारा लगातार दिए गए मार्गदर्शन का सबूत है।

### कटे गुप्तांग को आरोग्यम हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने फिर से जोड़ा



**भिलाई।** घरेलू विवाद के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए 32 वर्षीय युवक को नया जीवन तब मिला, जब आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने चुनौतीपूर्ण माइक्रोसर्जरी कर उसका कटा हुआ गुप्तांग सफलतापूर्वक जोड़ दिया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार युवक को अत्यधिक रक्तस्राव की हालत में अस्पताल लाया गया था। यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन राम दारुका और डॉ. एमए विवेक कुमार के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम ने इस जटिल सर्जरी को अंजाम दिया। डॉक्टरों के अनुसार मरीज की स्थिति बेहद गंभीर थी और हर मिनट महत्वपूर्ण था। करीब 6 घंटे तक चले ऑपरेशन में माइक्रोसर्जिकल तकनीक की मदद से रक्त वाहिकाओं और अन्य महत्वपूर्ण संरचनाओं को सावधानीपूर्वक जोड़कर अंग को पुनर्स्थापित किया गया। डॉ. नवीन राम दारुका ने बताया कि इस तरह के मामलों में समय पर विशेषज्ञ उपचार मिलना सफलता की सबसे बड़ी कुंजी होता है। वहीं डॉ. एमए विवेक कुमार ने कहा कि अस्पताल की प्रशिक्षित टीम, अत्याधुनिक उपकरणों और त्वरित चिकित्सा प्रबंधन की बदौलत ऑपरेशन सफल रहा।

### जेईई एडवांस में कोटा स्टडी सर्कल का शानदार प्रदर्शन




**भिलाई।** कोटा स्टडी सर्कल, भिलाई और रायपुर शाखा के विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। संस्थान के संचालक डॉ. राजेश मित्तल ने बताया कि अनेक विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर देश के प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त किया है। संस्थान द्वारा जेईई मेंस और एडवांस तथा नीट 2027 के लिए ड्रॉपर बैच 2026 में प्रवेश प्रारंभ करने की घोषणा की गई है। संस्थान प्रबंधन ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा अवसर है। इच्छुक विद्यार्थी और उनके अभिभावक भिलाई में कोटा स्टडी सर्किल बिल्डिंग नंबर 150 न्यू सिविक सेंटर तथा रायपुर में आरकेसी कॉलेज के सामने बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बाजू में भाटिया परिसर या 9098534927 पर कॉल कर संपर्क कर सकते हैं।

### पासपोर्ट की समस्या का तुरंत समाधान : श्रीकांत जैन



**भिलाई।** 1995 से लगातार पासपोर्ट व ट्रेवल्स बिजनेस पर जुड़े श्रीकांत जैन ने बताया कि नए पासपोर्ट और पासपोर्ट से सम्बंधित किसी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए उनसे संपर्क कर सकते है। विशेष कारण हो तो तत्काल पासपोर्ट सिर्फ 2 से 10 दिनों पर और नार्मल पासपोर्ट 30 से 35 दिनों पर प्राप्त हो जाता है। भारत सरकार विदेश मंत्रालय द्वारा अधिकृत भूतपूर्व पासपोर्ट एजेंट प्रतिनिधि, श्रीकांत जैन ने बताया कि पासपोर्ट, एयर टिकट, पैकेज टूर्स आदि के काम और सुविधाओ के लिए सड़क-20, स्मृति नगर भिलाई स्थित ऑफिस मोदीकेयर डीपी स्टोर पर संपर्क कर सकते है या फिर हेल्प लाइन नंबर 98271-16933, 94791-74525 पर संपर्क कर सकते है।

## जामुल के पट्टाविहीन परिवारों को आशियाने का अधिकार मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



■ जामुल पालिका क्षेत्र में सर्वे, मिलेगा मालिकाना हक

पट्टा विहिन परिवारों का वर्षो पुराना सपना साकार होने वाला है। छत्तीसगढ़ शासन जनहितैषी मंशा के अनुरूप नगर पालिका परिषद जामुल के उन हजारों परिवारों को बड़ी राहत मिलने वाली है। जो वर्षों से शासकीय भूमि पर निवास कर रहे हैं, लेकिन उनके पास भूमि का वैध स्वामित्व नहीं है। अब ऐसे पात्र पट्टा विहीन परिवारों को शासन द्वारा मालिकाना हक प्रदान करेगी। उक्ताशय की बातें नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा है। उन्होने कहा कि सीएम विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद विजय बघेल, विधायक अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाडा के सतत प्रयासों, छत्तीसगढ़ शासन की संवेदनशील सोच के परिणामस्वरूप यह निर्णय लिया गया है। श्री ठाकुर ने इसके लिए इन सभी जनप्रतिनिधियों एवं राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। आवासहीन व्यक्ति पट्टा अधिकार अधिनियम-2023 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्र में शासकीय भूमि पर 2017 के पूर्व से निवासरत परिवारों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। नगर पालिका परिषद जामुल के सभी वार्डों में व्यापक सर्वे अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पट्टा प्राप्त होने के बाद गरीब एवं भूमिहीन परिवारों को न केवल अपनी भूमि पर वैधानिक अधिकार मिलेगा। बल्कि वे प्रधानमंत्री आवास योजना सहित शासकीय योजनाओं का लाभ भी ले सकेंगे। बैंक से ऋण लेकर अपने कच्चे मकानों को पक्का बनाने और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

### सर्वे दल को सही जानकारी दें

नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सर्वे दल को सही एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं, पात्र परिवारों की पहचान में सहयोग करें, ताकि शासन की इस ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी योजना का लाभवास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल पट्टा वितरण का कार्य नहीं है, बल्कि गरीब परिवारों को सम्मान, सुरक्षा और स्थायी आशियाने का अधिकार दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। छत्तीसगढ़ सरकार का यह निर्णय समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और न्याय पहुंचाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## विश्व महासागर दिवस पर एनसीसी कैडेटों ने चलाया सफाई अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

विश्व महासागर दिवस के अवसर पर 8 जून को अंजोरा स्थित घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी के कैडेटों ने पुनीत सागर अभियान के तहत उल्लेखनीय कार्य किया। कैडेटों ने कामधेनु विश्वविद्यालय परिसर, दुर्ग स्थित शिवनाथ नदी के तटबंध पर वृहद सफाई अभियान चलाया।

इस दौरान कैडेटों ने नदी किनारे फैले कचरे, प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाकर तट को स्वच्छ बनाया। सफाई के बाद कैडेटों द्वारा जल संरक्षण को लेकर जन-जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली के माध्यम से कैडेटों ने आम लोगों को जल स्त्रोतों के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साफ पानी न केवल मानव जीवन बल्कि जीव-जंतुओं और जलीय प्राणियों के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। कैडेटों ने लोगों से जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने की अपील की। गौरतलब है कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर लगातार विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं। पुनीत सागर अभियान भी इसी कड़ी का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नदियों, तालाबों और समुद्र तटों को स्वच्छ रखना है।

## अंचल की खबरें

### सिरसीदा स्कूल में सात दिवसीय समर कैंप शुरू



**अंडा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसीदा में सोमवार को सात दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सिरसीदा की सरपंच सरस्वती चंद्राकर, उपसरपंच दामिनी चंद्राकर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य सदस्यगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के पूजन एवं वंदन के साथ किया गया। इसके पश्चात समर कैंप के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। उपस्थित अतिथियों ने बच्चों को समर कैंप के महत्व एवं इससे मिलने वाले शैक्षणिक, रचनात्मक और व्यक्तित्व विकास संबंधी लाभों के बारे में बताया तथा सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। समर कैंप के माध्यम से बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं नई-नई कलाओं के प्रति रुचि विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि यह कैंप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान पाठक धनेश्वरी साहू, शिक्षक दर्शेंद्र साहू, गीतिका देशमुख, चंदूलाल ठाकुर सहित विद्यालय के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### परसदा (डं) में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**अंडा।** आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत परसदा (ड) में सरपंच सत्यवती साहू के नेतृत्व में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गांव की गलियों, सार्वजनिक स्थलों एवं नालियों की सफाई कर स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों से अपील की गई कि वे अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें तथा कचरा इधर-उधर न फेंकें, जिससे बारिश के दौरान जलभराव और गंदगी की समस्या उत्पन्न न हो। स्वच्छता अभियान में उप सरपंच हिलेश्वर साहू, सचिव रोशन देशमुख, रोजगार सहायक तरूण देशलहरे, हेमलता साहू, लता साहू, दुलारी साहू, हेमलता साहू सहित ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। ग्राम पंचायत द्वारा बताया गया कि बारिश के मौसम में स्वच्छता बनाए रखने और बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

### रोजगार दिवस मनाया दी योजनाओं की जानकारी



**अंडा।** ग्राम पंचायत तिलखैरी के आश्रित ग्राम सलौनी में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से जुड़े श्रमिकों को रोजगार संबंधी योजनाओं, उनके अधिकारों तथा विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर रोजगार सहायक छवि पटेल ने उपस्थित ग्रामीणों एवं श्रमिकों को रोजगार गारंटी योजना के तहत मिलने वाले लाभों, कार्यों की प्रगति तथा मजदूरों की सहभागिता के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में श्रमिकों की समस्याएं एवं सुझाव भी सुने गए। रोजगार दिवस कार्यक्रम में मेट योगेश्वरी, केशरी, पुनीता, चेतन साहू, पारित निषाद, केदार देशमुख, नीलकंठ, खेमू, झम्मन, शिवलाल, पुरुषोत्तम, बनूराम, पोषण लाल, नौनेश्वरी निषाद, शकुंतला, अनु, दिनेश्वरी देशमुख, डोमन, अनिल बेलचंदन, किशन सहित रोजगार गारंटी योजना के सभी मजदूर एवं ग्राम पंचायत तिलखैरी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार योजनाओं के प्रति जागरूक करना तथा पंचायत स्तर पर रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना रहा। अंत में सभी उपस्थितजनों ने ग्राम विकास एवं रोजगार सृजन कार्यों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

### सेवानिवृत्त एसआई नारायण प्रसाद का स्वागत



**जामगांव आर।** सेवानिवृत पश्चात पुलिस उप निरीक्षक नारायण प्रसाद साहू पहुंचे गृहग्राम उमरपोटी में स्वागत हुआ। 31 मई 2026 को 40 वर्षों तक उत्कृष्ट, कर्त्तव्यनिष्ट एवं निष्पक्ष सेवा देकर अपने गृह गांव उमरपोटी लौटे नारायण प्रसाद साहू जी का परिवारों के साथ-साथ ग्रामीणों द्वारा सम्मान स्वागत किया। साहू थाना साजा, नांदघाट, दुर्ग, मोहननगर, विशेष अपराध अनुसंधान इकाई (एसआईयू) दुर्ग रेंज, पुलगांव, पत्थलगांव, कोतबा एवं बागबहार सहित विभिन्न थानों एवं इकाइयों में पदस्थ रहकर सेवाएं दिए। उल्लेखनीय है वर्ष 2021 में थाना पत्थलगांव क्षेत्र में हुए चर्चित हिट एंड रन प्रकरण के दौरान उत्पन्न कानून-व्यवस्था की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में साहू ने अदम्य साहस, धैर्य एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए हालात को नियंत्रित करने तथा आरोपियों की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए थे। उत्कृष्ट अनुसंधान एवं सराहनीय कार्यों के लिए साहू अनेक बार पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित हो चुके है। उन्होने रोड सेफ्टी के लिए 11 नग हेलमेट तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए 15 नग पौधे का वितरण करते हुए अनुभवी स्वर में कहा कि जान है तो जहान है। यातायात नियमों का पालन करते हुए यात्रा करे और स्वस्थ मस्त जीवन के लिए पर्यावरण संवर्धन में अग्रणी भूमिका निभाए । स्वागत समारोह में चन्द्रदेव साहू टीकाराम साहू, गयाराम साहू, विमल साहू, सरपंच गातापार रेवा राम साहू, सुखुराम ठाकुर, ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के प्रचारक युवराज सिंह गंजीर आदि उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने बैठक

**ओखरा (मुरमुन्दा )।** भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश संगठन के निर्देशनुसार पर भाजपा जिला भिलाई के प्रभारी रामजी भारती के सहमति से भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के निर्देशनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के सफल कार्यकाल पूर्ण होने पर भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस एवं 21 जून 2026 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए मंडल स्तर बैठक लेने हेतु प्रभारी एवं सह प्रभारी की नियुक्ति की गई है। मुरमुंदा मंडल के प्रभारी प्रेमलाल साहू एवं सह प्रभारी भारती साहू है। बैठक चंदन ट्रेडर्स कॉम्प्लेक्स चेटूवा रोड चांदनी चौक मुरमुंदा मंडल में बैठक संपन्न हुआ जिसमें प्रमुख रूप से जिला प्रवक्ता व कार्यक्रम मंडल प्रभारी प्रेमलाल साहू जिला मंत्री व सह प्रभारी भारती साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, मंडल अध्यक्ष कुमन लाल साहू, महामंत्री रामायण द्विवेदी, भोजराज साहू आदि उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### राज्य महिला आयोग की जनसुनवाई 18 जून को

**दुर्ग।** महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा आगामी 18 जून को दुर्ग जिले में एक वृहद जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, यह जनसुनवाई 18 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से बाल गृह परिसर, पांच बिल्डिंग स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय, दुर्ग के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इस सुनवाई पीठ (न्यायपीठ) की अध्यक्षता अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्यगण ओजस्वी मण्डावी व सुश्री दीपिका शोरी द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी, जिसमें महिला उत्पीड़न से जुड़े 49 प्रकरणों परसुनवाई कर उनका मौके पर ही निपटारा किया जाएगा।

# ग्रामीण क्षेत्र में हर परिवार को मिलेगा 125 दिनों का रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले की सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण करने, मजदूरी भुगतान से संबंधित समस्याओं के निराकरण तथा जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया।

जिला पंचायत के सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के अंतर्गत प्रत्येक पंजीकृत ग्रामीण परिवार को 125 दिनों का सुनिश्चित रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति, जीपीएस आधारित निगरानी तथा समयबद्ध मजदूरी भुगतान की व्यवस्था की गई है।

रोजगार दिवस के तहत जिले के विभिन्न कार्यस्थलों पर श्रमिकों के बीच जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। जनपद पंचायत पाटन की ग्राम पंचायत मानिकचौरी में चारागाह निर्माण कार्य एवं वाट निर्माण कार्य स्थल पर 54 श्रमिकों की उपस्थिति में रोजगार दिवस आयोजित किया गया। वहीं ग्राम पंचायत बिरझापुर में जल संचयन तालाब निर्माण कार्य के दौरान श्रमिकों को रोजगार एवं आवास योजनाओं की जानकारी दी गई।

## ग्राम पंचायतों में रोजगार एवं आवास दिवस का आयोजन, श्रमिकों को दी गई योजनाओं की जानकारी

### सरारनाला का हो रहा मेंटेनेंस 196 श्रमिक कर रहे काम

जनपद पंचायत धमधा की ग्राम पंचायत मोहलाई में सरारनाला से प्रहलाद निषाद के खेत तक नाला जीर्णोद्धार कार्य में 196 श्रमिक कार्यरत रहे। ग्राम पंचायत कपसदा में जल संचयन तालाबों के नवीनीकरण कार्य में 231 श्रमिकों की सहभागिता रही। दोनों स्थानों पर आयोजित रोजगार एवं आवास दिवस में श्रमिकों को रोजगार अधिकार, मजदूरी भुगतान और आवास योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इसी प्रकार भरदा में जैन बाड़ी से राइस मिल तक समुदाय के लिए वाटर कोर्स केनाल मरम्मत एवं रखरखाव कार्य में 182 श्रमिक कार्यरत रहे। ग्राम पंचायत करगाडीह में दशरू के खेत से भारतमाला रोड तक वाटर कोर्स रखरखाव एवं मरम्मत कार्य में 152 श्रमिकों ने सहभागिता की। इसी प्रकार ग्राम पंचायत खम्हरिया में राजपूत बाड़ी के पास समुदाय के लिए वाटर कोर्स रखरखाव एवं मरम्मत कार्य में 250 श्रमिक कार्यरत रहे।



### विकसित किए जा रहे रोजगार के अवसर

रोजगार दिवस के दौरान मनरेगा अंतर्गत कार्यरत मजदूरों को मजदूरी भुगतान, रोजगार मांग पंजीयन एवं कार्य आवंटन संबंधी जानकारी प्रदान की गई। रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से जिले की सभी 300 ग्राम पंचायतों में बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य संचालित किए जा रहे हैं। इन कार्यों के जरिए जिले के 64049 से अधिक ग्रामीण श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले में वर्तमान में 3923 निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। दुर्ग में 16262, धमधा में 21676 तथा पाटन में 26049 श्रमिकों को प्रतिदिन रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न निर्माण कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के साथ-साथ स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण, जल संरक्षण तथा समग्र ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। रोजगार एवं आवास दिवस के माध्यम से श्रमिकों को इन योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें अधिकाधिक लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### जल संरक्षण को लेकर गांव-गांव में तैयार की जा रही डबरी

जिले की अनेक ग्राम पंचायतों में भी रोजगार एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत ग्राम पंचायत करगाडीह, खम्हरिया, धनोरा, जेवरा, कोलियापुरी, उमरकोटी, चिंगरी एवं चिरकोटी में रोजगार दिवस आयोजित कर श्रमिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इसी प्रकार जनपद पंचायत पाटन की ग्राम पंचायत मानिकचौरी, फुंडा, चंदखुरी, भांसुली (क), तर्रा, संतरा एवं गब्दी में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। वहीं जनपद पंचायत धमधा की ग्राम पंचायत पथरिया, दनिया, खेरधा, नरधा, बिरेभाट एवं चीचा में भी रोजगार एवं आवास दिवस आयोजित कर ग्रामीणों को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान रोजगार मांग पंजीयन, समय पर मजदूरी भुगतान, जल संरक्षण कार्यों तथा आवास निर्माण से संबंधित विषयों पर भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

---

महापौर ने की विकास कार्यों की समीक्षा, बैठक में लिए गए कई बड़े निर्णय

# जिला अस्पताल के सामने आवंटित गुमटियों का होगा सत्यापन, संस्थाओं को एनओसी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जीई रोड स्थित जिला अस्पताल के सामने आवंटित गुमटियों का सत्यापन होगा। इसके अलावा निगम क्षेत्र में संचालित सभी निजी और सरकारी संस्थाओं और उनके कार्यालयों को निगम से एनओसी आवश्यक होगी। इसके अलावा शहर के आउटर में संचालित फैक्ट्रियों को भी निगम को अपने प्रयोजन से जुड़ी जानकारी देनी होगी। महापौर परिषद की बैठक में इसे लेकर निर्णय लिया गया। महापौर अल्का बाघमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निजी संस्थाओं के बारे में विशेष रूप से जानकारी जुटाई जाए।

बता दें कि जिला अस्पताल के सामने जो गुमटियां संचालित हो रही हैं, उन्हें अलग प्रयोजन से दिया गया था। वर्तमान में उपयोग पान ठेला से लेकर अन्य कार्यों में किया जा रहा है। हर समय इसके आसपास नशेड़ियों का जमघट रहता है। इसे देखते हुए निगम ने सत्यापन का निर्णय लिया है। बैठक निगम के डाटा सेंटर में आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, जल संरक्षण, सड़क चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न निर्माण कार्यों से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। विचार-विमर्श के पश्चात अनेक प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित एमआईसी सदस्य देव नारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, नीलेश अग्रवाल, मनीष साहू, लीलाधर पाल, शिव नायक, शशि साहू तथा निगम के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सोमवार को महापौर परिषद की बैठक डाटा सेंटर में आयोजित की गई



### ओवर हेड टैंक के आसपास बनाया जाएगा रिचार्ज पिट

बैठक के दौरान महापौर अलका बाघमार द्वारा पूर्व में मांगी गई सात बिंदुओं की विभागीय जानकारी प्रस्तुत की गई, जिस पर सदस्यों ने विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 15वें वित्त आयोग मद के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र के 21 ओवरहेड टैंकों के समीप रिचार्ज पिट निर्माण कार्य के प्रस्ताव पर विचार किया गया। इस योजना के माध्यम से वर्षा जल संचयन को बढ़ावा मिलेगा तथा भूजल स्तर के संरक्षण में सहायता मिलेगी। इसी प्रकार निगम क्षेत्र के लगभग 300 हैंडपंप एवं बोरवेल के पास रिचार्ज पिट निर्माण कार्य के प्रस्ताव को भी बैठक में अनुमोदन प्रदान किया गया। यह पहल जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जिससे वर्षा जल का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### गांधी पुतला और उतई टेम्पो स्टैंड का होगा सौंदर्यीकरण

बैठक में जानकारी दी गई कि गांधी पुतला और उतई टेम्पो स्टैंड क्षेत्र का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए इनरव्हील क्लब दुर्ग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर भी सकारात्मक चर्चा की गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नगर निगम क्षेत्र में अन्य विभागों अथवा एजेंसियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के दौरान निगम की आधारभूत संरचनाओं को क्षति न पहुंचे, इसके लिए आवश्यक समन्वय एवं अनुमति प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि निगम क्षेत्र में विकास कार्यों के साथ-साथ जल संरक्षण, यातायात सुधार और शहर के सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शहर को व्यवस्थित एवं स्वच्छ बनाने के लिए निगम लगातार योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रहा है।

### पोटिया चौक से गुंडरदेही मार्ग तक बनेगी नई सड़क

लोक कर्म विभाग से संबंधित प्रस्तावों में नगरोत्थान योजना अंतर्गत गुंडरदेही रोड से गौठान, प्रधानमंत्री आवास (एएचपी) कॉलोनी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय होते हुए पोटिया चौक तक सड़क चौड़ीकरण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही नालंदा मार्ग सड़क चौड़ीकरण कार्य को भी मंजूरी दी गई, जिससे यातायात व्यवस्था और अधिक सुगम हो सकेगी। बैठक में वाय-शेप ओवर ब्रिज से पुलगांव चौक तक मार्ग के मध्य स्थित डिवाइडर के सौंदर्यीकरण एवं नियमित संधारण के लिए मेघा गंगा ग्रुप दुर्ग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। प्रस्ताव के अनुसार डिवाइडर पर पौधारोपण, ग्रिल स्थापना एवं आकर्षक सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे। निगम द्वारा स्पष्ट किया गया कि सभी डिजाइनों की पूर्व स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा तथा यातायात व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए। डिवाइडर के रखरखाव, सिंचाई, सफाई एवं कटाई-छंटाई की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संस्था की होगी।

# 38 उर्वरक निरीक्षकों ने जाना दानेदार रासायनिक और नैनों उर्वरक को

## संभाग में नियुक्ति नवीन उर्वरक निरीक्षकों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



संभागीय संयुक्त संचालक कृषि द्वारा संभाग के नवीन उर्वरक निरीक्षकों का दो दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षेत्रीय कृषि प्रसार एवं प्रशिक्षण संस्थान रुआबांधा में आयोजित किया गया। सहायक संचालक कृषि कार्यालय संयुक्त संचालक कृषि संभाग दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार इस विशेष प्रशिक्षण में उपस्थित संभाग के 38 उर्वरक निरीक्षकों को गोपिका गबेल, संभागीय संयुक्त संचालक कृषि दुर्ग द्वारा प्रशिक्षण की महत्ता बताते हुए विभिन्न विषयों पर संक्षिप्त उद्बोधन दिया गया। उनके कार्यालय के सहायक संचालक कृषि संजय कुमार डहरिया एवं हेमन्त कुमार बघेल द्वारा उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण करने और नमूना लेने की विधि के संबंध में विस्तार से प्रस्तुतीकरण किया। अग्रणी उर्वरक कंपनी ईफको, कृषकों एवं आईपीएल के राज्य एवं संभाग के विपणन अधिकारी द्वारा उर्वरकों की आपूर्ति की प्रक्रिया, कृषकों को उर्वरक पर देय अनुदान तथा दानेदार रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर नैनो उर्वरकों के उपयोग से होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया गया।

- सहकारी समितियों में पहुंचकर सप्लाई को समझा

### सेवा सहकारी समितियों में पहुंच ली जानकारी

प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी निरीक्षकों को निकटस्थ सेवा सहकारी समिति, कोड़िया एवं बोरीगारका का भ्रमण कराया गया। वहाँ उन्हें उर्वरक के रख-रखाव, स्टॉक मिलान और नमूना लेने की प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन करके दिखाया गया। इसके बाद सभी प्रशिक्षुओं से स्वयं इन प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। अंत में प्रशिक्षु उर्वरक निरीक्षकों को उनके दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन की शुभकामनाओं के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम में उनकी सक्रियतापूर्वक सहभागिता हेतु उन्हें प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

### शासन के आदेशों और नए नियमों को जाना

विशेष प्रशिक्षक के रूप में कृषि विभाग से सेवानिवृत्त एनके दीक्षित ने आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955, उर्वरक (संचलन नियंत्रण) आदेश 1973 एवं उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के विभिन्न प्रावधानों (नियमों / खण्डों / धाराओं) से अवगत कराया। उनके अंतर्गत विहित रासायनिक, जैव, जैविक, नैनो आदि उर्वरकों के स्पेसिफिकेशन की जानकारी दी गई। नमूना लेने की प्रक्रिया, विक्रय केन्द्रों के निरीक्षण एवं प्रावधानों के उल्लंघन किये जाने पर की संबंधित के विरुद्ध क्या-क्या कार्यवाही किस प्रकार की जाती है इन सब के बारे में सविस्तारपूर्वक बताया गया।

# उरला और बघेरा में प्रस्तावित अंडर ब्रिज अधर में, कांग्रेस ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के पटरी पार क्षेत्र की लगातार आबादी बढ़ रही है। आसपास के गांव भी नगर निगम में शामिल हो रहे हैं। इससे आवागमन की समस्या विकट रुप धारण कर रही है। कांग्रेस के पूर्व पार्षदों ने स्थल में पर जाकर जायजा लिया, लोगों की परेशानियों से अवगत हुए। इस दौरान लोगों ने कहा-कि हर दस से 15 मिनट में रेलवे फाटक बंद होने से इस भीषण गर्मी, बारिश के समय फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है। वाहनों की लंबी कतार में बच्चे, बूढ़े और महिलाएं परेशान होती हैं। इन रेलवे क्रासिंग के कारण चौबीसों घंटे पटरी पार क्षेत्र में चक्का जाम की स्थिति बनी रहती है। क्षेत्र के लोगों की मांग पर रेलवे ने उरला और बघेरा रेलवे क्रासिंग को बंद कर वहां अंडरब्रिज और ओवरब्रिज बनाने का फैसला किया था। जिसका एक-डेढ़ साल पहले वर्चुअल शिलान्यास भी किया गया था। इसके बाद प्रस्तावित स्थल के पास साफ-सफाई का काम शुरू भी हुआ और गड्ढे भरने की शुरुआत की गई लेकिन फिर यह काम बंद हो गया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अब्दुल गनी, देवकुमार जंघेल, लिखन साहू, पूर्व पार्षद अमृत लोढ़ा, डॉ. छत्रसाल गायकवाड, संजय सिंह, भोला महोबिया, मनोज चंद्राकर,



अनिल देवांगन, मनीष यादव, सुरेंद्र ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।इसे लेकर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि भाजपा के नेता और जनप्रतिनिधि श्रेय की राजनीतिक कर रहे हैं। शहर विकास में उनका कोई योगदान नहीं है। साइंस कॉलेज का ऑडिटोरियम पिछले 10 साल में नहीं बन पाया। जेल तिराहा से मिनी माता चौक फोरलेन कांग्रेस शासन के समय से प्रस्तावित है। फ्लाईओवर की घोषणा तत्कालीन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने की थी। शहर की सड़कों के चौड़ीकरण का प्रस्ताव कांग्रेस के शासन में भेजा गया था। बजट में इसके लिए प्रावधान हुआ था। सड़कों का काम अब शुरू हो रहा है। धमधा नाका राजीव गांधी सेतु जो लंबे समय से कंडम घोषित हो चुका है, जो कि सबसे ज्यादा जरूरी है। इस तरफ किसी का ध्यान नहीं है। उरला और बघेरा में रेलवे अंडर ब्रिज की मांग की जा रही है। ये काम नहीं हो रहे।

**बाल पुरस्कार के लिए पंजीयन 31 जुलाई तक : दुर्ग।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार, विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले मेधावी युवा बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे।

## आम सूचना

मौजा ग्राम-भानपुरी प.ह.न 36 रा.नि.मं. - अण्डा, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका ख. न. 766 रकबा 0.5500 हेक्ट. कुल भूमि के खरीदी बिक्री के संबंध में लगाये गये आरोप का खण्डन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार डिलेश्वर साहू पिता खुमान सिंहस, उम्र-35 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर-01, ग्राम-उमरपोटी, पोस्ट-पुरई, तह. व जिला - दुर्ग (छ.ग.) ने विक्रेता शिव कुमार पिता स्व. गिरधर, उम्र 64 वर्ष, निवासी मकान नंबर-20, वार्ड नंबर-2, भानपुरी, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) से मौजा ग्राम - भानपुरी प.ह.न 36 रा.नि.मं. अण्डा, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका ख. न. 766 रकबा 0.5500 हेक्ट. भूमि को दिनांक-19. 03.2026 को खरीदा है जिसका पंजीयन दिनांक-19.03.2026 को पंजीयन कार्यालय दुर्ग में हुआ है जो कि विधि के समस्त प्रावधानों का पालन करते हुये पंजीकृत किया गया है जिसमें विक्रेता के पुत्र का हस्ताक्षर बतौर साक्षी हुआ है।

अब विक्रेता की नियत बदल गई है और वह अवैध रकम मेरे पक्षकार से वसूलना चाहता है जिस हेतु उल-जुलूल आरोप लगाकर थाना - अण्डा में शिकायत दर्ज कराया था जिसका निराकरण थाना-अण्डा द्वारा क्रेता-विक्रेता एवं गवाहों बयान लेकर निराकृत कर दिया गया है और मेरे पक्षकार पर कोई आरोप नही बनता है कि टीप के साथ शिव कुमार के आवेदन को खारिज कर दिया गया है तत्पश्चात् शिव कुमार इलेक्ट्रानिक मिडिया यू ट्यूब एवं प्रिंट मिडिया नवभारत, दैनिक जागरण एवं हरि भूमि पेपर में दिनांक - 20 एवं 21 मई 2026 को गलत जानकारी देकर मेरे पक्षकार पर आरोप लगाया गया है जो कि सरासर झूठा आरोप है और मेरे पक्षकार को बदनाम किया जा रहा है। उक्त बातों का खण्डन मेरा पक्षकार इस आम सूचना के माध्यम से करता हैं

अतः यह आम सूचना प्रेषित किया जा रहा है कि उक्त संदर्भित जमीन मौजा ग्राम-भानपुरी प.ह.न 36 रा.नि.मं. - अण्डा, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका ख. न. 766 रकबा 0.5500 हेक्ट. को मेरे पक्षकार ने विधि अनुसार खरीदा है जिसके पश्चात् इलेक्ट्रिनिक इलेक्ट्रिनिक मिडिया यू ट्यूब एवं प्रिंट मिडिया दैनिक जागरण एवं हरि भूमि पेपर में जो उल-जुलूल बाते छपवाया गया है वह अनुचित है जिसका खण्डन मेरा पक्षकार इस आम सूचना के माध्यम से करता है।

सो सूचना जाने।

स्थान-दुर्ग | दिनांक-08.06.2026

**अब्दुल शब्बीर कुरैशी (अधिवक्ता)**
बार रूम नंबर- 04, जिला न्यायालय, दुर्ग (छ.ग.)
मो. नं. - 7999740369, 9425557139

## नाम परिवर्तन

मैं रीना चौहान (RINA CHAUHAN), पति राजू चौहान उम्र 30 वर्ष, निवासी -सुपेला, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूं। 1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। 2. यह कि मेरे पुत्र शिवम चौहान ने कक्षा सातवीं की परीक्षा शास. पूर्व माध्यमिक विद्यालय फुण्डहर जिला रायपुर से उत्तीर्ण किया था जिसके अंकसूची में माता का नाम निधि चौहान अंकित है जो कि त्रुटिवश अंकित है। 3. यह कि मेरे पुत्र शिवम चौहान ने कक्षा पांचवी की परीक्षा ओएसएचसी पब्लिक स्कूल सुपेला भिलाई से उत्तीर्ण किया था जिसके अंकसूची में माता का नाम NIDHI CHOUHAN अंकित है जो कि त्रुटिवश अंकित है। 4. यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम-रीना चौहान (R I N A CHAUHAN) अंकित है जो कि सही एवं सत्य है। 5. यह कि मेरे आधार कार्ड एवं परिचय पत्र में मेरा नाम रीना चौहान (RINA CHAUHAN) अंकित है जो कि सही एवं सत्य है। 6. यह कि निधि चौहान, NIDHI CHOUHAN तथा रीना चौहान (RINA CHAUHAN) ये तीनों ही नाम मेरे स्वयं के अर्थात् एक ही महिला के है। 7. यह कि मेरे पुत्र के उक्त कक्षा पांचवी, सातवी के अंकसूची में मेरे नाम अर्थात माता के नाम की जहां भी आवश्यकता हो वहां पर वास्तविक व सही नाम रीना चौहान (RINA CHAUHAN) को ही अंकित व मान्य किया जाये। जिस संबध में मुझे आपके विभाग की सारी नियम व शर्तें मेरे द्वारा मान्य है। 8. यह कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी सही एवं सत्य है तथा किसी भी तथ्य को छुपाने का प्रयत्न नहीं किया गया है। किसी भी तत्य के असत्य या गलत पाये जाने पर उसकी सारी जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी। 9. यह कि यह शपथ पत्र सक्षम प्राधिकारी के समक्ष उक्ताशय की सही जानकारी के संबंध में प्रस्तुत है।

अतः शपथ पत्र पेश है।

शपथकर्ता
रीना चौहान

### रोजगार मेला 17 को

**दुर्ग।** जिला रोजगार केंद्र और कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज, भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में 17 जून को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का आयोजन खम्हरिया, भिलाई स्थित कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में किया जाएगा। जिला रोजगार कार्यालय के उप संचालक से मिली जानकारी के अनुसार, इस रोजगार मेले में कुल 10 नियोजकों की ओर से तकनीकी और गैर-तकनीकी श्रेणी में भर्ती ली जाएगी।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHAKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

प्रथम पुण्यस्मरण



सुकमा कोंटा में शहीद हुए एवं मातृभूमि के लिये सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
अमर शहीद आकाश राव गिरेपूंजे जी
स्वर्गलोक गमनः 9.6.2025
को शत्-शत् नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि कार्यक्रम - दिनांक 9 जून 2026
सुबह 11:00 बजे से 4:00 तक लाखे नगर चौक, रायपुर

- श्रद्धानवत् -
श्रीमती गीता मंदा गोविंद राव गिरेपूंजे (माता-पिता), श्रीमती स्नेहा आकाश राव गिरेपूंजे (पत्नी), सिद्धांत, नव्या (पुत्र-पुत्री), आदर्श गिरेपूंजे (भाई), श्रीमती रश्मि कमलाकर राव गिरेपूंजे, श्रीमती प्रेमलता बसंत गिरेपूंजे, श्रीमती सुनीता नरेंद्र राव गिरेपुंजे (चाची-चाचा), श्रीमती खेमलता मैहरकुरे, श्रीमती रेखा गणेश ठोंबरे, श्रीमती अनीता उमेश मलेवार, (बुवा) एवं समस्त गिरेपूंजे परिवार

- मित्र गण -
सुखनंदन राठौर सर, अविनाश सर, राहुल देव शर्मा सर, कीर्तन राठौर सर, तारकेश्वर पटेल सर, पोर्ते सर, प्रशांत शुक्ला सर, विवेक शुक्ला सर, अमर सिदार सर, अभिषेक अग्रवाल सर

MAHESHWARI

**खबर संक्षेप**



## जेएलएनएच को मिली ब्रेस्टफीडिंग फ्रेंडली हॉस्पिटल की मान्यता

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र (जेएलएनएच) कोब्रेस्टफीडिंग फ्रेंडली हॉस्पिटल' की मान्यता बीपीएनआई और एसोसिएशन ऑफ हेल्थ प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया (एएचपीआई) द्वारा प्रदान की गई है। यह अस्पताल भी सफल स्तनपान के डब्ल्यूएचओ के कार्यक्रम के तहत शामिल हो गया है। यह सम्मान बीपीएनआई के केंद्रीय समन्वयक डॉ. अरुण गुप्ता तथा एएचपीआई के महानिदेशक डॉ. गिरधर ज्ञानी द्वारा प्रदान किया गया।इस सफलात में मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. विनीता द्विवेदी व डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर सहित पूरी टीम का योगदान रहा।

## पोस्टर और नृत्य के माध्यम से बताया, पर्यावरण संरक्षण और योगा का महत्व



**भिलाई।** लीनेस क्लब भिलाई द्वारा सामान्य सभा और संचालक मंडल की बैठक होटल क्रॉस रोड में आयोजित की गई। जिसमें जून माह की गतिविधियों का एजेंडा तैयार किया गया। इस दौरान जून की प्रमुख गतिविधियों में पर्यावरण और योगा से संबंधित कार्य करने पर चर्चा की गई, साथ ही पर्यावरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिस पर सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे। इसके महत्व को पोस्टर, स्किट एवं नृत्य के माध्यम से प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया, साथ ही वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। योग सत्र का आयोजन कर सभी सदस्यों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# बीएसपी कर्मियों के लिए चालू हो नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम

### स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक की सीजीएम के साथ हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

स्टील इम्प्लाइज यूनियन (इंटक) के प्रतिनिधिमंडल की बैठक कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहरा के साथ हुई। बैठक में यूनियन ने बीएसपी कर्मियों की नान फायनेंशियल मोडिवेशन स्कीम कोशुरु करने सहित अन्य लंबित मांगों को जल्द पूर्ण करने की मांग की। 2007 की इंसेंटिव स्कीम का पुनरीक्षण कर नई एवं प्रभावी इंसेंटिव स्कीम लागू करने की मांग की। इंटक ने कहा कि कोक ओवन के कर्मटाकी उत्पादन को बढ़ाने महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। बीएससी के साथ सेल के अन्य इस्पात संयंत्रों को भी भिलाई से कोक की आपूर्ति की जा रही है। ऐसे में कर्मियों को मनोबल को बढ़ाने नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम लागू किया जाना आवश्यक है। सीजीएम ने जानकारी दी कि की मांग पर कोक ओवन में मॉडल रेस्ट रूम विकसित किया जा रहा है। सभी रेस्ट रूम में टाइल्स, कूलर तथा आरामदायक नई बेंचों की व्यवस्था की जा रही है। कैंटीन को भी सुव्यवस्थित बनाया जा रहा है तथा विभाग के आंतरिक मार्गों का सुधार कार्य चल रहा है। कोक ओवन बैटरी-11 के पीछे लिफ्टर क्षेत्र में कार्यरत ऑपरेटरों को बारिश से बचाने शेड का निर्माण किया जा रहा है।



**श्रमिकों सुरक्षा उपकरण मिलें**

बैठक में यूनियन के महासचिव संजय कुमार साहू ने सभी कंट्रोल रूम में लगे पैकेज एसी की कार्यक्षमता सुधारने, ठेका श्रमिकों को पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने, पूर्ण वेतन सुनिश्चित करने तथा तकनीकी उन्नयन के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने की मांग की। बेहतर हाउसकीपिंग, प्री-मानसून तैयारियां तथा पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप कोक ओवन बैटरियों का संचालन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। सीजीएम ने आश्वस्त किया कि कर्मचारियों के लिए बेहतर रेस्ट रूम, कार्यस्थल एवं कार्य प्रणाली विकसित करने के प्रयास के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। अन्य मांगों पर भी उच्च प्रबंधन से चर्चा करने का आश्वासन मिला। बैठक में एजीएम प्रशांत कुमार तथा इंटक की ओर से गुरुदेव साहू, रेशम राठौर, जयराम ध्रुव, डीपी खरे, संतोष ठाकुर, मनोज कुलदीप एवं सत्येन्द्र सिंह उपस्थित थे।

### सांसद विजय बघेल से मिले रिटेंशनधारी, सकारात्मक परिणाम का आश्वासन

# टाउनशिप में सैकड़ों रिटायर कर्मियों की आवासीय किराया वृद्धि वापस नहीं होने से बढ़ रहा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

टाउनशिप में हजारों रिटायर बीएसपी कर्मचारियों के रिटेंशन आवासों की बेतहाशा किरावा वृद्धि और इस स्कीम को समाप्त करने से चिंता और असंतोष बढ़ रहा है। सेवानिवृत्तों और यूनियनों के लगातार विरोध और जन प्रतिनिधियों व प्रबंधन के आश्वासन के बाद भी पांच महीने से समस्या जस की तस बनी हुई है। रिटायर कर्मियों के बुढ़ापे में बेघर होने की नौबत आ गई है। रिटेंशनधारियों ने सांसद विजय बघेल से मिलकर बीएसपी प्रबंधन व दिल्ली स्तर पर जल्द मनामाना किराया वृद्धि वापस करवाने की मांग की। उन्होंने महीनेभर के अंदर सकारात्मक परिणाम मिलने का आश्वासन दिया है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी द्वारा कर्मचारी व सेवानिवृत्तों के हितों में वर्षों से लागू स्कीमों को एक एक कर बंद किया जा रहा है। वर्ष 2009 से सेवानिवृत्त कर्मियों की रिटेंशन आवासीय योजना का आवासीय किराया 32 गुणा बढ़ा दिया गया है। इतना ही नहीं दिसंबर में इस मनमाना किराया वृद्धि के साथ इस स्कीम को ही बंद कर दिया गया है। इससे सैकड़ों रिटायर रिटेंशनधारियों के सड़क पर आने की नौबत आ गई है। चौदह सौ रिटेंशनधारियों का 24 रुपए वर्गफुट के हिसाब से किराया बढ़ाया गया है । किराया वृद्धि वापस लेने की मांग को लेकर पिछले 5 माह के दौरान रिटेंशनधारी बीएसपी अधिकारियों व जन प्रतिनिधियो के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन अब तक आश्वासन ही मिला है। आवासधारी सांसद विजय बघेल, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय से कई बार मिलकर कर मांग कर चुके हैं। दोनों नेताओं द्वारा प्रबंधन से चर्चा करने के साथ समाधान का भरोसा दिलाया जा रहा है। वहीं विधायक देवेंद्र यादव द्वारा मैत्रीबाग,सेक्टर नौ अस्पताल व रिटेंशनद किराया वृद्धि को लेकर दिसंबर में 5 दिनी आमरण अनशन करने के बाद भी प्रबंधन के आश्वासन बाद भी रिटेंशन का टेंशन कम नहीं हुआ है। इससे रिटेंशनधारियों में चिंता व असंतोष बढ़ रहा है। कई रिटेंशनदारी तो भारीभरकम किराया नही जमा करने के चलते मकान खाली करने मजबूर हो रहे हैं। बीएसपी भी लगातार नोटिस दे रही है।

**दिसंबर में होना है नगर निगम चुनाव**



**सांसद से फिर मिले आवासधारी**

5 माह बाद भी आवासीय किराया वृद्धि कम नहीं होने से निराश रिटेंशनधारियों ने फिर से सांसद विजय बघेल के निवास पर मिलकर परेशानी बढ़ने से अवगत कराया। सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ के बैनर तले सेवानिवृत्त आवासधारियों ने अध्यक्ष सुरेशचंद के साथ मिलकर उन्हें बताया कि सेवानिवृत्ति में 32 गुना किराया यानी 15 हजार से 17 हजार रुपए कहां से व कैसे पटा पाएंगे। बीएसपी द्वारा लगातार नोटिस देने के साथ प्रवर्तन टीम पर भी दबाव बना रही है। रिटेंशनधारियों ने डां. शशिकुमार के घर की बत्ती काटने की भी जानकारी देते हुए जल्द स्थानीय प्रबंधन व दिल्ली सरकार से राहत दिलान की मांग की। रिटेंशनधारियों ने बताया कि सांसद ने बीएसपी व इस्पात मंत्रालय से चर्चा चलने और महीने पंद्रह दिन मे सकारात्मक परिणाम मिलने का भरोसा दिलाया है।

**रिटायर कर्मियों को विधायक के मार्च का इंतजार**

विधायक देवेंद्र यादव ने दिसंबर में भिलाई बचाओ आंदोलन के तहत आमरण अनशन बाद 25 मिलियन टन चौक तक विरोध पैदल मार्च तथा रिटेंशन को लेकर जनमत संग्रह के बाद इस्पात भवन के सामने बेमुद्दत डेरा डालने का ऐलान किया था। लेकिन अब तक रिटेंशन किराया वृद्धि से राहत नहीं मिलने व आंदोलन के भी ठंडा पड़ गया है रिटेंशधारियों ने बताया कि बताया कि प्रबंधन और जन प्रतिनिधियों के आश्वासन पर 5 माह बाद भी अमल नहीं होने से निराशा व असंतोष बढ़ रहा है। यदि जल्द राहत नही मिली तो भिलाई नगर व रिसाली नगर निगम चुनाव में राजनीतिक दलो को नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। इसके उलट यदि इस दौरान समस्या का निदान मिल जाता है तो इसका लाभ भी दोनों पार्टियों के प्रत्याशियों को मिलेगा।

## निगम के जोन कार्यालय में सड़ रहे सरकारी दस्तावेज, पार्षद ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



भिलाई नगर पालिक निगम यूं तो पूरे शहर में विकास करने का दावा कर रहा है, लेकिन हकीकत ये है कि वो अपने ही कार्यालय का सही से मरम्मत नहीं कर पा रहा है। सबसे बुरी हालत भिलाई निगम के जोन 1 कार्यालय की है। यहां कार्यालय के ग्राउंड फ्लोर में जिस कमरे में सरकारी दस्तावेज और जरूरी फाइलें रखी हैं वहां लगातार पानी टपक रहा है। इससे सभी फाइलें सड़ने लगी हैं। हालत यह है कि निगम का इतना अमला और जोन आयुक्त के रहने के बाद भी इस कमरे में सड़ रही फाइलों पर ध्यान देने वाला कोई नहीं है। सोमवार को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और पार्षद महेश वर्मा ने जब निगम की फाइलों की हालत देखी तो काफी नाराजगी जताई। उन्होंने वहां का वीडियो बनाया और शोसल मीडिया में वायरल करने के साथ ही जोन आयुक्त को इस तरफ ध्यान देने की बात कही। पार्षद महेश वर्मा का कहना है कि निगम शहर के विकास और गुणवत्ता को लेकर कितना गंभीर है उसका अंदाजा निगम की इन सड़ती फाइलों से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा निगम स्वच्छ भारत की राह पर चलने का दावा करता है, लेकिन अपने ही कार्यालय में साफ सफाई और फाइलों की रखरखाव के साथ कार्यालय संधारण पर ध्यान नहीं दे रहा है।

## बूथ सशक्तिकरण पर हुआ दिग्गजों का मंथन



**भिलाई।** उतई स्थित रेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी, उतई मंडल द्वारा आत्मनिर्भर संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक ललित चन्द्राकर प्रमुख रूप से सम्मिलित हुए और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। विधायक ललित चन्द्राकर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है। जब बूथ मजबूत होगा, तभी मंडल मजबूत होगा और जब मंडल मजबूत होगा तभी प्रदेश और देश मजबूत होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। इसके लिए जरूरी है कि हमारा संगठन आत्मनिर्भर बने। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ का सेनापति है। हमें घर-घर जाकर मोदी सरकार और विष्णु देव साय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना है।

## हॉस्पिटल सेक्टर के 9 क्वार्टरों के रहवासियों को जमा करना होगा 2.72 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



दुर्ग जिला न्यायालय के निर्देशानुसार संपदा न्यायालय ने हॉस्पिटल सेक्टर के 9 क्वार्टरों के निवासियों को 30 मई को नोटिस जारी कर 6 जून को जवाब प्रस्तुत करने बुलाया था। हॉस्पिटल सेक्टर के सैकड़ों निवासी संपदा न्यायालय पहुंचे तथा अधिवक्ताओं के माध्यम से अपना जवाब प्रस्तुत किया। इस दौरान संपदा न्यायालय के अधिकारी द्वारा पुनः धारा 7/3 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया, जिसमें बिजली बिल, पानी शुल्क, मकान किराया और सफाई कर के नाम पर आर्थिक दंड की मांग की गई। नोटिस के अनुसार प्रत्येक परिवार से लगभग 2 लाख 72 हजार रुपए जमा कराने कहा गया है। मेहनतकश आवास अधिकार संघ और छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति का कहना है कि जब हॉस्पिटल सेक्टर के निवासी पूर्व में संबंधित कर और शुल्क जमा करने पहुंचे थे, तब राशि लेने से इंकार कर दिया गया था। अब उन्हीं मदों के नाम पर भारी आर्थिक दंड लगाया जा रहा है। समिति ने इसे मजदूर परिवारों को डराने, परेशान करने और उनके आवास अधिकार आंदोलन को कमजोर करने का प्रयास बताया है। कलादास डेहरिया ने बताया कि हॉस्पिटल सेक्टर के निवासी अपने स्थायी आवास के अधिकार के लिए सड़क से लेकर न्यायालय तक लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि संयंत्र प्रबंधन 10 एकड़ भूमि उपलब्ध करा दे, तो नगर निगम द्वारा आवास निर्माण की व्यवस्था की जा सकती है। इस दौरान तबीता, बालम्मा, अमृता, विजयम्मा, उपासनी, नारायण राव, अधिवक्ता अनुश्री, अमित वर्मा, नीरा डेहरिया, कलादास डेहरिया, संजना, प्रेम किशन, सुंदरिया, लक्ष्मी सहित सैकड़ों मजदूर और क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## समृद्ध, संगठित और शिक्षित समाज ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला : सीएम विष्णुदेव साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के 55वें केंद्रीय अधिवेशन में शामिल हुए विधायक ललित



संगठित, शिक्षित और जागरूक समाज ही मजबूत राष्ट्र निर्माण की वास्तविक शक्ति होता है। समाज जितना सशक्त होगा, राष्ट्र उतना ही प्रगतिशील, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनेगा। उक्त बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धमतरी जिले के ग्राम छाती स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित चन्द्रनाहू (चंद्राकर) कुर्मी-क्षत्रिय समाज के 55वें केंद्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि चन्द्रनाहू कुर्मी-क्षत्रिय समाज समृद्ध परंपराओं, सामाजिक चेतना, संगठन क्षमता और उत्कृष्ट मूल्यों का वाहक है। यह वही समाज है जिसने देश को छत्रपति शिवाजी महाराज और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे महान व्यक्तित्व दिए हैं, जिनके आदर्श आज भी राष्ट्र निर्माण और जनसेवा के लिए प्रेरित करते हैं। चन्द्रनाहू समाज ने कृषि, शिक्षा, प्रशासन, राजनीति, सामाजिक सेवा और उद्यमिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर प्रदेश और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छाती से झूरानवागांव तक सड़क निर्माण, ग्राम छाती को भविष्य में नगर पंचायत का दर्जा प्रदान करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने, नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण तथा समाज के लिए नवा रायपुर में सामाजिक भवन हेतु भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा की। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज ने हमेशा मेहनत, ईमानदारी और सेवा के मूल्यों को अपनाकर प्रदेश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है। चंद्राकर ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि सामाजिक एकता और समरसता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, विधायक अजय चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, लालबहादुर चंद्रवंशी, पूनम चंद्राकर, समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## 6 साल पूर्व ब्लड बैंक बंद करने की तरह सेक्टर 9 अस्पताल के निजीकण की हो रही साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- निजी हाथों में देने के खिलाफ संघर्ष तेज करने सीटू ने दी चेतावनी

सीटू यूनियन ने 6 साल पूर्व सेक्टर नौ अस्पताल के ब्डल बैंक को बंद किए जाने की तरह इस अस्पताल के निजीकरण के निजीकरण का साजिश करने की बात कही है। यूनियन बीएसपी प्रबंधन को आगाह किया है कि ब्लड बैंक फिर से शुरु कराने की लिए सीटू ने जिस तरह विरोध किया था, उसी तरह आंदोलन सेक्टर नौ अस्पताल के निजीकरण के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा।

यूनियन ने बताया कि 4 मई 2018 को सेक्टर नौ अस्पताल के बल्ड बैंक को साजिश के तहत बंद कर दिया गया था। सीटू ने जनहित के इस मुद्दे पर जमकर विरोध किया था। यूनियन के दबाव में 8 जून को ब्लड बैंक को शुरु करना पड़ा था और सीटू ने सफलता पर रक्तदान कर कर यूनियन की ताकत बताई थी। इसी तरह सेक्टर 9 अस्पताल के निजीकरण का भी विरोध तेज होगा। आज आठ वर्ष बाद सेक्टर-9 अस्पताल को निजी हाथों में सौंपने की कोशिश हो रही है।

सेक्ट-9 अस्पताल पर हजारों बीएसपी कर्मियों सहित रिटायर व गैर संयंत्र कर्मी भी निर्भर हैं। यहां के ब्लड बैंक डेंगू महामारी के दौरान सेक्टर 9 अस्पताल सहित आसपास के अनेकों अस्पतालों में सैकड़ों मरीजों को समय पर प्लेटलेट्स उपलब्ध कराए गए।



### जोन आयुक्त ने नाला सफाई, जल निकासी व्यवस्था और तालाबों की स्थिति का लिया जायजा

# मानसून से पहले निगम अलर्ट, नाला सफाई और तालाब संरक्षण पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



मानसून से पहले नगर पालिक निगम भिलाई ने नाला सफाई और तालाबों के संरक्षण को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। निगम के उपायुक्त और जोन-1 नेहरू नगर के आयुक्त दिनेश कोसरिया ने क्षेत्र का निरीक्षण कर नाला सफाई, जल निकासी व्यवस्था और तालाबों की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु से पहले सभी नालों की सफाई समय पर पूरी की जाए ताकि जलभराव की समस्या न हो और नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। सूर्या विहार के सामने स्थित तालाब का निरीक्षण कर सफाई कार्यों की समीक्षा की गई। इसके बाद आमा तालाब और जुनवानी तालाब का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, संधारण और सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। कोसरिया ने कहा कि तालाबों की नियमित सफाई और गाद निकासी से वर्षाजल का बेहतर संचयन संभव होगा, जिससे जलस्तर बढ़ाने में मदद मिलेगी।

जोन आयुक्त ने वार्ड पार्षद मुकेश अग्रवाल और निगम अधिकारियों के साथ करीब दो घंटे तक विभिन्न समस्याग्रस्त स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान होटल इंपीरियल के पीछे, आनंद नगर, चौहान टाउन और बीएसबीके क्षेत्र सहित अन्य स्थानों की जल निकासी व्यवस्था का परीक्षण किया गया। बरसात के दौरान जल निकासी को सुचारु बनाए रखने के लिए तात्कालिक व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि तालाब शहर की जल संरचना का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और अधिक से अधिक वर्षाजल संग्रहण के लिए उनका स्वच्छ एवं व्यवस्थित होना जरूरी है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, क्रिस्टोफर पॉल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## उन्नत विद्युत प्रयोगशाला में फर्स्ट पायलट प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में स औद्योगिक विद्युत मूलभूत सिद्धांत विषय पर संयंत्र में व्यावहारिक तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। कार्यपालक निदेशक प्रबीर कुमार सरकार उपस्थित थे। वरिष्ठ अधिकारी, प्रशिक्षण संकाय सदस्य एवं प्रतिभागी भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को विद्युत शक्ति के मूल सिद्धांतों, मोटर नियंत्रण तकनीकों, विद्युत मापन उपकरणों तथा ट्रबलशूटिंग प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में विद्युत सुरक्षा, डिजिटल मल्टीमीटर (डीएमएम), क्लैम्प मीटर, डायोड, थाइरिस्टर, इंसुलेटेड गेट बाइपोलर ट्रांजिस्टर (आईजीबीटी), इंडक्शन मोटर, स्टार-डेल्टा स्टार्टर तथा वेरिएबल फ्रीक्वेंसी ड्राइव (वीएफडी) विषयों को शामिल किया गया। प्रायोगिक सत्र में प्रतिभागियों को आधुनिक औद्योगिक प्रशिक्षण उपकरणों पर हैंड्स ऑन एक्सपीरिएंस का अवसर प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने वोल्टेज एवं करंट मापन, डायोड एवं थाइरिस्टर परीक्षण, मोटर स्टार्टिंग डायनेमिक्स के अध्ययन तथा वीएफडी नियंत्रित मोटर प्रणालियों के संचालन का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।